64

C.SCP)-2010

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : N-DTQ-K-NCY**

**Test Booklet Series**

**A**

**Serial No.**

32481

# TEST BOOKLET

## LAW

**Time Allowed : Two Hours**

**Maximum Marks : 300**

INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET *DOES NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. *DO NOT* write *anything else* on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet*. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

*Directions* :

The following **six (6)** items consist of two statements, Statement I and Statement II. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the code given below :

*Code* :

*(a)* Both the statements are individually true and Statement II is the correct explanation of Statement I

*(b)* Both the statements are individually true but Statement II is ***not*** the correct explanation of Statement I

*(c)* Statement I is true but Statement II is false

*(d)* Statement I is false but Statement II is true

**1.** Statement I :

In Kelsen's view, there is no difference between natural and juristic persons.

Statement II :

The totality of claims and duties is the person in law.

**2.** Statement I :

Person of inherence is the owner of the right.

Statement II :

Inheritance is a means to ownership.

**3.** Statement I :

Possession is Nine Points in law.

Statement II :

Possession ***cannot*** be interfered with by anyone except by the one with a better title.

**4.** Statement I :

Subject to rules of *jus cogens*, local customary law can supplement or derogate from general custom.

Statement II :

International law does ***not*** recognize the concept of local custom.

**5.** Statement I :

A person, who moves to a place nearer the place of nuisance, can complain of nuisance.

Statement II :

Coming to the place of nuisance is a good defence.

**6.** Statement I :

In an action for malicious prosecution, it must be proved that the defendant had initiated criminal proceeding maliciously and without reasonable and probable cause.

Statement II :

Action for malicious prosecution is instituted in a criminal court.

**निर्देश :**

निम्नलिखित छः **(6)** प्रश्नांशों में दो कथन हैं, कथन I और कथन II. इन दोनों कथनों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और इन प्रश्नांशों के उत्तर नीचे दिए गए कूट की सहायता से चुनिए :

**कूट :**

*(a)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं और कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है

*(b)* दोनों कथन व्यष्टितः सत्य हैं, किन्तु कथन II, कथन I का सही स्पष्टीकरण **नहीं** है

*(c)* कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है

*(d)* कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है

**1.** कथन I :

कल्सन के मत में प्रकृत और विधिक व्यक्तियों में कोई अन्तर नहीं है।

कथन II :

विधि में दावों और कर्तव्यों का साकल्य ही व्यक्ति है।

**2.** कथन I :

समवाय का व्यक्ति अधिकार का स्वामी है।

कथन II :

उत्तराधिकार स्वामित्व का एक साधन है।

**3.** कथन I :

कब्जेदार विधि की दृष्टि में महाबली होता है।

कथन II :

कब्जे में किसी के द्वारा भी हस्तक्षेप **नहीं** किया जा सकता सिवाय उसके जिसके पास बेहतर हक हो।

**4.** कथन I :

अवश्य पालनीय विधान के नियमाधीन रहते हुए स्थानीय रूढ़िजन्य विधि साधारण रूढ़ि की अनुपूर्ति या अल्पीकरण कर सकती है।

कथन II :

अन्तर्राष्ट्रीय विधि स्थानीय रूढ़ि की संकल्पना को मान्यता **नहीं** देती।

**5.** कथन I :

एक व्यक्ति, जो न्यूसेंस के पास के स्थान पर आता है, न्यूसेंस की शिकायत कर सकता है।

कथन II :

न्यूसेंस के स्थान पर आना एक पर्याप्त प्रतिरक्षा है।

**6.** कथन I :

विद्वेषपूर्ण अभियोजन के वाद में यह सिद्ध करना अनिवार्य है कि प्रतिवादी ने दाण्डिक कार्यवाही विद्वेषपूर्वक और बिना किसी युक्तियुक्त या अधिसम्भाव्य कारण के आरम्भ की थी।

कथन II :

विद्वेषपूर्ण अभियोजन का वाद दण्ड न्यायालय में संस्थित किया जाता है।

7. The Supreme Court of India, in the case of A. K. Gopalan vs. State of Madras, decided that the expression 'procedure established by law' in Article 21 of the Constitution means "any procedure prescribed by law, irrespective of its reasonableness or otherwise". Which one of the following approaches did the Supreme Court follow in the above case?

*(a)* Positive law school approach

*(b)* Historical approach

*(c)* Sociological approach

*(d)* Philosophical approach

8. Consider the following statement made by Sir Frederick Pollock :

*If international law were only a kind of morality, the framers of the State Papers concerning foreign policy would throw all their strength on moral argument. But as a matter of fact, this is not what they do. They appeal not to the general feeling of moral rightness, but to precedents, to treaties and to opinions of specialists.*

In which one of the following cases is the above statement of Pollock true?

*(a)* Developed countries

*(b)* Developing countries which constitute Group of 77

*(c)* Socialist countries

*(d)* Developed countries, Socialist countries and Group of 77

9. Under which of the following conditions, the right to claim damages in tort would arise?

1. Infringement of a legal right
2. Legal damage
3. Any damage
4. Existence of a legal right

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 2 and 4 only

10. Which of the following is/are inchoate crime(s)?

1. Attempt to commit a crime
2. Criminal conspiracy
3. Theft
4. Murder

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 4

*(b)* 1, 2 and 3

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 2 only

**7.** भारत के उच्चतम न्यायालय ने ए० के० गोपालन बनाम मद्रास राज्य के वाद में निर्णीत किया कि संविधान के 21वें अनुच्छेद में 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' का अर्थ है "विधि द्वारा विहित कोई भी प्रक्रिया उसकी युक्तियुक्तता का विचार किए बिना या अन्यथा"। इस वाद में उच्चतम न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस एक मार्ग का पालन किया?

*(a)* सकारात्मक विधि शाखा उपागम

*(b)* इतिहासवादी उपागम

*(c)* समाजशास्त्रीय उपागम

*(d)* दार्शनिक उपागम

**8.** सर फ्रेडरिक पोलॉक के निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए :

*अगर अन्तर्राष्ट्रीय विधि एक तरह की नैतिकता होती, तो विदेश नीति से सम्बन्धित राज्य के कागज-पत्रों को विरचित करने वाले अपनी सारी शक्ति नीतिपरक युक्ति पर लगाते। परन्तु वास्तव में उन्होंने ऐसा नहीं किया है। उनका आग्रह नैतिकता के औचित्य की सामान्य भावना के लिए नहीं अपितु पूर्वनिर्णयों, संधियों और विशेषज्ञों की राय के लिए था।*

पोलॉक का यह कथन निम्नलिखित में से किनके बारे में सही है?

*(a)* विकसित देश

*(b)* विकासशील देश जो 77 के समूह को संघटित करते हैं

*(c)* समाजवादी देश

*(d)* विकसित देश, समाजवादी देश और 77 के समूह

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थितियों में, अपकृत्य में क्षतिपूर्ति का हक पैदा होता है?

1. विधिक अधिकार का अतिलंघन
2. विधिक क्षति
3. कोई भी क्षति
4. विधिक अधिकार का विद्यमान होना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 4

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से अपूर्ण अपराध है/हैं?

1. अपराध करने का प्रयास
2. आपराधिक षड्यंत्र
3. चोरी
4. हत्या

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 4

*(b)* 1, 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 2

**11.** Which of the following statements with regard to contract is ***not*** correct?

*(a)* The acceptance should be made in the manner prescribed in the proposal. But a departure from that manner does not itself invalidate the acceptance. A duty is cast on the offeror to reject such acceptance within reasonable time and if he fails to do so, the contract is clinched on him and he becomes bound by the acceptance

*(b)* An acceptance containing additions, limitations or other modifications shall amount to rejection of the offer and shall constitute a counter-offer

*(c)* It is not open to an offeror to stipulate against an unwilling offeree that latter's silence will be regarded as equivalent to acceptance. He cannot force him to take a positive course of action under penalty of being contractually bound if he does not

*(d)* An offeror would not be bound by a contract, if the letter of acceptance posted by the offeree is lost in transit and thus is not received by the offeror

**12.** Which of the following statements with regard to financial emergency in India is/are correct?

1. It is required to be approved by both the Houses of the Parliament within one month.
2. Once approved by both the Houses of the Parliament, it remains valid for six months.
3. Salary of any government official including the Supreme Court Judges can be reduced during financial emergency.
4. During financial emergency, the executive authority of the Union shall extend to the giving of directions to any State to observe such canons of financial propriety as may be specified in the directions.

Select the correct answer using the code given below :

*Code :*

*(a)* 1, 2, 3 and 4

*(b)* 1 and 4 only

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 3 only

**13.** Which one of the following is ***not*** correct with reference to John Austin's Command Theory?

*(a)* Divine Law is law properly so-called

*(b)* The law of honour is law improperly so-called

*(c)* Laws of gravity are laws properly so-called

*(d)* The laws set by fashion are laws improperly so-called

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन संविदा के सम्बन्ध में सही नहीं है?

*(a)* स्वीकृति, प्रस्ताव में विहित रीति से ही होनी चाहिए। परन्तु उस रीति का उल्लंघन स्वयं ही स्वीकृति को अविधिमान्य नहीं कर देता। प्रस्ताव करने वाले का यह कर्तव्य है कि वह उस स्वीकृति को युक्तियुक्त समय में रद्द करे और अगर वह ऐसा नहीं कर पाता है, तो संविदा उस पर आबद्ध होगी और वह उस स्वीकृति द्वारा बद्ध होगा

*(b)* परिवर्धनों, निर्बन्धनों या अन्य रूपांतरणों से युक्त स्वीकृति, प्रस्ताव की अस्वीकृति की कोटि में आएगी और प्रति-प्रस्ताव निर्मित करेगी

*(c)* प्रस्तावकर्ता अनिच्छुक स्वीकृतिकर्ता को अनुबन्ध नहीं कर सकता कि उसकी चुप्पी स्वीकृति के समतुल्य होगी। प्रस्तावकर्ता, स्वीकृतिकर्ता को विवश नहीं कर सकता कि वह सकारात्मक कार्यवाई कर अस्वीकार करे अन्यथा दण्ड के रूप में संविदा उस पर आबद्ध होगी

*(d)* यदि स्वीकृतिकर्ता का डाक द्वारा भेजा गया स्वीकृति-पत्र पारगमन में गुम हो जाता है और प्रस्तावकर्ता को प्राप्त नहीं होता है, तो वह संविदा प्रस्तावकर्ता पर आबद्ध नहीं होगी

**12.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन भारत में वित्तीय आपात के सम्बन्ध में सही है/हैं?

1. उसका संसद् के दोनों सदनों द्वारा एक मास के अन्दर अनुमोदित होना आवश्यक है।
2. एक बार संसद् के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित होने पर, यह छः मास के लिए मान्य रहेगी।
3. वित्तीय आपात के दौरान किसी भी सरकारी कर्मचारी के, जिनके अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश भी हैं, वेतन में कमी की जा सकती है।
4. वित्तीय आपात के दौरान संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार किसी राज्य को वित्तीय औचित्य सम्बन्धी ऐसे सिद्धान्तों का पालन करने के लिए निर्देश देने तक होगा जो निर्देशों में विनिर्दिष्ट किए जाएँ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2, 3 और 4

*(b)* केवल 1 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 3

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक जॉन ऑस्टिन के समादेश सिद्धान्त के सन्दर्भ में सही नहीं है?

*(a)* दैवी विधान उचिततः तथाकथित विधि है

*(b)* समादर की विधि अनुचिततः तथाकथित विधि है

*(c)* गुरुत्व के नियम उचिततः तथाकथित विधियाँ हैं

*(d)* लोकाचार द्वारा स्थापित नियम अनुचिततः तथाकथित विधियाँ हैं

**14.** Treaty, generally speaking, binds States, which are parties to the treaty. A State becomes party to the treaty by

(a) signing the treaty

(b) ratifying the treaty

(c) enacting domestic legislation to implement the treaty

(d) enforcing the treaty by way of conduct

**15.** Which of the following statements are correct?

1. In tort, the duties are imposed by law whereas in contract, duties are undertaken by the parties themselves.
2. In tort, the duty is towards the world at large but in contract, the duty is towards specific individual or individuals.
3. In tort, damages are liquidated but in contract, the damages are unliquidated.
4. In tort, a person may be liable for the wrongs committed by others also but in contract, the liability governs the parties to the contract only.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1, 2 and 4

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 4 only

(d) 1 and 4 only

**16.** Under Section 100 of the Indian Penal Code, the right of private defence of body extending to causing death is ***not*** available against an assault

(a) causing apprehension of grievous hurt

(b) with intention of gratifying unnatural lust

(c) with intention of kidnapping or abducting

(d) with intention of robbery

**17.** Which of the following statements is/are ***not*** correct?

1. Stranger to the contract cannot sue in both English and Indian Laws.
2. Stranger to the contract can sue in both English and Indian Laws.
3. Consideration can move from promisee alone in English and Indian Laws.
4. Consideration can move from promisee or any other person in Indian Law.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 1 and 3

(b) 2 and 3

(c) 1 and 4

(d) 2 only

14. संधि, सामान्यतः, उन्हीं राज्यों पर आबद्ध होती है, जो संधि के पक्षकार होते हैं। कोई राज्य संधि का पक्षकार कैसे बनता है?

(a) संधि को हस्ताक्षरित कर

(b) संधि का अनुसमर्थन कर

(c) संधि को कार्यान्वित करने के लिए घरेलू विधान अधिनियमित कर

(d) संधि को आचरण द्वारा लागू कर

15. निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. अपकृत्य में कर्तव्य विधि द्वारा अधिरोपित होते हैं, जबकि संविदा में कर्तव्य पक्षकारों द्वारा स्वयं लिए जाते हैं।

2. अपकृत्य में कर्तव्य सकल विश्व के प्रति होता है लेकिन संविदा में कर्तव्य विनिर्दिष्ट व्यक्ति या व्यक्तियों के प्रति होता है।

3. अपकृत्य में नुकसानी परिनिर्धारित होती है लेकिन संविदा में नुकसानी अपरिनिर्धारित होती है।

4. अपकृत्य में एक व्यक्ति दूसरे व्यक्तियों द्वारा किए गए दोषपूर्ण कार्यों के लिए भी जिम्मेदार हो सकता है, लेकिन संविदा में जिम्मेदारी केवल संविदा के पक्षकारों के लिए होती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 4

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) केवल 1 और 4

16. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 100 के अन्तर्गत किसके प्रति, शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा के अधिकार का विस्तार मृत्यु कारित करने तक **नहीं** मिलता है?

(a) जो घोर उपहति की आशंका कारित करे

(b) जो प्रकृति-विरुद्ध काम-तृष्णा की तृप्ति के आशय से हो

(c) जो व्यपहरण या अपहरण करने के आशय से हो

(d) जो लूट के आशय से हो

17. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

1. संविदा के लिए परव्यक्ति आंग्ल और भारतीय दोनों विधियों में ही वाद नहीं ला सकता।

2. आंग्ल और भारतीय विधि दोनों में ही, संविदा के लिए परव्यक्ति वाद ला सकता है।

3. आंग्ल और भारतीय विधि में, प्रतिफल वचनग्रहीता से ही प्रस्तावित हो सकता है।

4. भारतीय विधि में प्रतिफल वचनग्रहीता या अन्य किसी व्यक्ति से प्रस्तावित हो सकता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 3

(b) 2 और 3

(c) 1 और 4

(d) केवल 2

**18.** Consider the following statements with regard to human rights bodies :

Charter-based bodies

1. hold broad human rights mandates
2. address an unlimited audience
3. base their decision-making on consensus

Which of the statements given above is/are ***not*** correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 3 only

**19.** Which of the following statements regarding the Command Theory of John Austin are correct?

1. Expression of a wish or a desire by the commander is essential but style of desire is irrelevant.
2. Magnitude of the eventual evil is irrelevant but slightest chance of incurring slightest of an evil is relevant.
3. Command and duty are independent but not correlative to each other.
4. Power and purpose of inflicting evil are relevant.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2 and 4 only

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 3 and 4

*(d)* 1, 2 and 3

**20.** According to Article 38(1) of the Statute of the International Court of Justice, which one of the following is ***not*** a primary source of International Law?

*(a)* International conventions

*(b)* Decisions of the International Court of Justice

*(c)* International custom

*(d)* General principles of law recognized by the civilized nations

**21.** The liability for tort arises on

1. violation of a right *in rem*
2. violation of a right *in personam*
3. breach of a legal duty
4. breach of an equitable obligation

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3

*(d)* 3 and 4

**18.** निम्नलिखित कथनों पर मानव अधिकार निकायों के सन्दर्भ में विचार कीजिए :

चार्टर पर आधारित निकाय

1. व्यापक मानव अधिकार आदेश बनाये रखते हैं
2. असीमित दर्शक-समूह को सम्बोधित करते हैं
3. सहमति के आधार पर विनिश्चय करते हैं

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही **नहीं** है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 3

**19.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन जॉन ऑस्टिन के समादेश सिद्धान्त के सन्दर्भ में सही हैं?

1. कमाण्डर की आकांक्षा या वांछा की अभिव्यक्ति आवश्यक है लेकिन वांछा की शैली विसंगत है।
2. पारिणामिक बुराई की महत्ता विसंगत है लेकिन थोड़ी-सी बुराई के उपगत होने की थोड़ी-सी सम्भावना सुसंगत है।
3. समादेश एवं कर्तव्य स्वतंत्र हैं लेकिन एक-दूसरे से सहसम्बद्ध नहीं हैं।
4. बुराई को अधिरोपित करने की शक्ति और प्रयोजन का होना सुसंगत है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 2 और 4

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 3 और 4

*(d)* 1, 2 और 3

**20.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के परिनियम के अनुच्छेद 38(1) के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा एक अन्तर्राष्ट्रीय विधि का प्राथमिक स्रोत **नहीं** है?

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमय

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के विनिश्चय

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि

*(d)* सभ्य राज्यों द्वारा मान्यताप्राप्त विधि के साधारण सिद्धान्त

**21.** अपकृत्य के लिए जिम्मेदारी कब उद्भूत होती है?

1. सर्वबन्धी अधिकार का उल्लंघन होने पर
2. व्यक्तिबन्धी अधिकार का उल्लंघन होने पर
3. विधिक कर्तव्य को भंग करने पर
4. साम्यापूर्ण बाध्यता को भंग करने पर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* 3 और 4

22. Which one of the following statements about the UN Expert Mechanism on the Rights of Indigenous Peoples is ***not*** correct?

*(a)* The Mechanism has been created by the United Nations Development Group

*(b)* It is a subsidiary expert mechanism of the Human Rights Council

*(c)* It provides thematic expertise on the rights of indigenous peoples to the Human Rights Council

*(d)* The thematic expertise focuses mainly on studies and research-based advice

23. A proposal is ***not*** revoked by

*(a)* lapse of time prescribed in the offer for its acceptance

*(b)* lapse of reasonable time, without communication of acceptance, if no time is prescribed in the offer for its acceptance

*(c)* death of the offeror even if the offeree in ignorance of this fact sends communication of acceptance

*(d)* counter-offer

24. Which one of the following statements with regard to the pardoning power of the Governor is correct?

*(a)* The Governor can pardon the death sentence

*(b)* The Governor has no power in relation to death sentence

*(c)* The Governor can only suspend or remit the death sentence

*(d)* The Governor can only suspend, remit or commute the death sentence

25. Which of the following are essential tenets of Pure Theory of Law?

1. Legal system consists of hierarchy of norms.
2. Legal system consists of ought propositions.
3. All norms receive their validity ultimately from a grundnorm.
4. Morality is vital for purity of law.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 4

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन, यू० एन० एक्सपर्ट मेकैनिज़्म ऑन द राइट्स ऑफ इण्डिजीनस पिपुल्स के बारे में सही **नहीं** है?

*(a)* मेकैनिज़्म का संयुक्त राष्ट्र विकास समूह ने सृजन किया है

*(b)* यह मानव अधिकार परिषद् का समनुषंगी विशेष मेकैनिज़्म है

*(c)* यह मानव अधिकार परिषद् को देशी व्यक्तियों के अधिकारों की विषयक विशेषज्ञता देता है

*(d)* विषयक विशेषज्ञता मुख्यतः अध्ययनों एवं अनुसंधान-आधारित सलाह पर केन्द्रित करती है

**23.** किसी प्रस्ताव का किसके द्वारा प्रतिसंहरण **नहीं** होता है?

*(a)* प्रस्ताव में इसकी स्वीकृति के लिए विहित समय का व्यपगत होना

*(b)* बिना स्वीकृति की संसूचना के, उचित समय का व्यपगत होना, यदि प्रस्ताव में इसकी स्वीकृति के लिए कोई समय विहित नहीं है

*(c)* प्रस्तावकर्ता की मृत्यु, भले ही स्वीकृतिकर्ता इस तथ्य की अज्ञानता में स्वीकृति की संसूचना भेज देता है

*(d)* प्रति-प्रस्ताव

**24.** राज्यपाल की क्षमादान की शक्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

*(a)* राज्यपाल मृत्युदण्ड को क्षमा कर सकता है

*(b)* मृत्युदण्ड के सम्बन्ध में राज्यपाल की कोई शक्ति नहीं है

*(c)* राज्यपाल मृत्युदण्ड का केवल निलम्बन या परिहार कर सकता है

*(d)* राज्यपाल मृत्युदण्ड का केवल निलम्बन, परिहार या लघूकरण कर सकता है

**25.** निम्नलिखित में से कौन-से विधि के विशुद्ध सिद्धान्त के आवश्यक नियम हैं?

1. विधिक प्रणाली प्रतिमानों के अधिक्रम से बनी है।
2. विधिक प्रणाली कर्तव्यता-प्रतिपादनाओं से बनी है।
3. सभी प्रतिमान अपनी विधिमान्यता अन्ततः मूल सन्नियम से प्राप्त करते हैं।
4. विधि की शुद्धता के लिए नैतिकता अत्यावश्यक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 4

**26.** On which one of the following grounds, the International Court of Justice declined to accept Columbia's contention in the Asylum case regarding the existence of a local custom relating to grant of diplomatic asylum?

*(a)* Short duration of State practice

*(b)* Lack of uniform and constant usage

*(c)* Lack of universality of State practice

*(d)* Opposition of powerful States

**27.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Case)* | | *List–II* *(Tort)* |
|---|---|---|
| A. Donoghue vs. Stevenson | 1. | Defamation |
| B. Cassidy vs. Daily Mirror Newspaper | 2. | Joint tort feasors |
| C. Merryweather vs. Nixon | 3. | Negligence |
| D. Bird vs. Jones | 4. | False imprisonment |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 4 | 1 | 2 | 3 |
| *(b)* | 4 | 2 | 1 | 3 |
| *(c)* | 3 | 2 | 1 | 4 |
| *(d)* | 3 | 1 | 2 | 4 |

**28.** *X*, an officer of a court of justice, being ordered by that court to arrest *A*, and after making due enquiry, believing *B* to be *A*, arrests *B*. What is the criminal liability of *X* under the law?

*(a)* Liable for the offence of wrongful confinement of *B*

*(b)* Not liable for any offence as he acted in good faith under mistake of fact, which is, a defence under Section 76 of the IPC

*(c)* Not entitled to the benefit of mistake of fact as he has not acted in good faith

*(d)* Liable, because his act is a mistake of law and not mistake of fact

**29.** When a man advertises that he has stock of books to sell, he is making

*(a)* an offer

*(b)* an invitation to offer

*(c)* a special offer

*(d)* a standing offer

**30.** Lack of *locus standi* is generally ***not*** a bar for issuance of the writ of

*(a)* Mandamus

*(b)* Quo warranto

*(c)* Certiorari

*(d)* Prohibition

**26.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस एक आधार पर राजनयिक शरण प्रदान करने से सम्बन्धित स्थानीय रूढ़ि के अस्तित्व के बारे में शरण वाद (असाइलम केस) में कोलम्बिया के प्रतिविरोध को स्वीकार करने से नामंजूर कर दिया?

(a) राज्य में अल्प कालावधि के लिए आचरण

(b) प्रथा का एकसमान और संतत न होना

(c) राज्य के आचरण में सार्वभौमिकता की कमी

(d) शक्तिशाली राज्यों का विरोध

**27.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | **सूची–I (वाद)** | | **सूची–II (अपकृत्य)** |
|---|---|---|---|
| A. | डोनोग्यू बनाम स्टीवेन्सन | 1. | मानहानि |
| B. | कैसिडी बनाम डेली मिरर न्यूजपेपर | 2. | संयुक्त अपकृत्यकर्ता |
| C. | मेरीवेदर बनाम निक्सन | 3. | उपेक्षा |
| D. | बर्ड बनाम जोन्स | 4. | अप्राधिकृत बन्दीकरण |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**28.** न्यायालय का ऑफिसर $X$, $A$ को गिरफ्तार करने के लिए उस न्यायालय द्वारा आदिष्ट किए जाने पर, और सम्यक् जाँच के पश्चात् यह विश्वास करके कि $B$, $A$ है, $B$ को गिरफ्तार कर लेता है। विधि में $X$ का क्या आपराधिक दायित्व है?

(a) $B$ के सदोष परिरोध के अपराध के लिए दायी होगा

(b) किसी भी अपराध के लिए दायी नहीं होगा, क्योंकि उसने सद्भावपूर्वक तथ्य की भूल के अन्तर्गत कार्य किया, जो भारतीय दण्ड संहिता की धारा 76 के अन्तर्गत एक प्रतिरक्षा है

(c) वह तथ्य की भूल के फायदे का हकदार नहीं होगा क्योंकि उसने सद्भावपूर्वक कार्य नहीं किया

(d) उसका कार्य तथ्य की भूल न होकर विधि की भूल है इसलिए वह दायी होगा

**29.** जब एक व्यक्ति विज्ञापन देता है कि उसके पास बेचने के लिए पुस्तकों का स्टॉक है, तो इससे क्या बनता है?

(a) प्रस्ताव

(b) प्रस्ताव का आमंत्रण

(c) विशेष प्रस्ताव

(d) स्थायी प्रस्ताव

**30.** सुने जाने के अधिकार की कमी का होना सामान्यतः किस रिट के जारी किए जाने का वर्जन **नहीं** करता?

(a) परमादेश

(b) अधिकारपृच्छा

(c) उत्प्रेषण

(d) प्रतिषेध

**31.** According to Sir Henry Maine, through which of the following instrumentalities do progressive societies (unlike static societies) proceed to develop law?

1. Codification and legislation
2. Royal commands, custom and codification
3. Legal fiction
4. Equity and legislation

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 3

*(b)* 2 and 4

*(c)* 4 only

*(d)* 3 and 4

**32.** On the issue of legality of the threat or use of nuclear weapons, the International Court of Justice in the year 1996 advised that General Assembly resolutions concerning prohibition of the use of nuclear weapons

*(a)* establish *opino juris* necessary for the existence of international custom

*(b)* fall short of establishing *opino juris* for the existence of international custom

*(c)* create political effects only

*(d)* create ethical effects only

**33.** In the case of Indian Council for Enviro-Legal Action vs. Union of India, it was held that the rule laid down in M. C. Mehta case was

*(a)* not a departure from the law applied in Western countries

*(b)* an *obiter dicta* and was appropriate and suited to conditions prevailing in India

*(c)* not *obiter dicta* but was not appropriate and suited to conditions prevailing in India

*(d)* not *obiter dicta* and was appropriate and suited to conditions prevailing in India

**34.** *X* instigates *Y* to murder *Z*. *Y* in pursuance of the instigation stabs *Z*. *Z* recovers from the wound. Which one of the following is the liability of *X*?

*(a)* Since essentials to constitute an offence of abetment are not fulfilled, *X* is not guilty of instigating to commit murder

*(b)* *Z* is alive and hence *X* is not guilty of instigating to commit murder

*(c)* *X* is guilty of instigating *Y* to commit murder even if *Z* recovers and does not die

*(d)* Since death of *Z* does not ensure, the criminal liability, if any, will be that of only *Y*

**31.** सर हेनरी मेन के अनुसार, निम्नलिखित में से किन माध्यमों के द्वारा प्रगतिशील समाज (स्थितिक समाज के असमान) विधि को विकसित करते हैं?

1. संहिताकरण और विधान
2. शाही समादेश, रूढ़ि और संहिताकरण
3. विधिक कल्पना
4. साम्या और विधान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 3

*(b)* 2 और 4

*(c)* केवल 4

*(d)* 3 और 4

**32.** नाभिकीय अस्त्रों के प्रयोग या खतरे की वैधता के मुद्दे पर वर्ष 1996 में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने सलाह दी कि नाभिकीय अस्त्रों के प्रयोग के प्रतिषेध से सम्बन्धित महासभा संकल्प

*(a)* अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि के अस्तित्व के लिए आवश्यक विधिवेत्ता की राय (*opino juris*) की स्थापना करते हैं

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि के अस्तित्व के लिए आवश्यक विधिवेत्ता की राय (*opino juris*) की स्थापना करने में कम है

*(c)* केवल राजनैतिक परिणाम सृजन करते हैं

*(d)* केवल सदाचारिक परिणाम सृजन करते हैं

**33.** इण्डियन काउन्सिल फॉर एन्वायरो-लीगल ऐक्शन बनाम भारत संघ के वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया कि एम० सी० मेहता के वाद में निर्धारित नियम

*(a)* पश्चिमी राज्यों में लागू होने वाली विधि से प्रत्यन्तर नहीं है

*(b)* एक इतरोक्ति है और भारत की विद्यमान परिस्थितियों में समुचित और यथोचित है

*(c)* इतरोक्ति नहीं है लेकिन भारत की विद्यमान परिस्थितियों में समुचित और यथोचित नहीं है

*(d)* इतरोक्ति नहीं है और भारत की विद्यमान परिस्थितियों में समुचित और यथोचित है

**34.** *X*, *Y* को *Z* की हत्या करने के लिए उकसाता है। *Y* उकसाहट के अनुसरण में *Z* को वेधन करता है। *Z* के घाव ठीक हो जाते हैं। *X* निम्नलिखित में से किसके लिए दायी है?

*(a)* *X* हत्या को कारित करने के लिए उकसाने का दोषी नहीं होगा, क्योंकि दुष्प्रेरण के अपराध की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हुई है

*(b)* *Z* जिन्दा है और अतः *X* हत्या को कारित करने के लिए उकसाने का दोषी नहीं है

*(c)* चाहे *Z* ठीक हो जाता है और उसकी मृत्यु नहीं होती है, फिर भी, *Y* को हत्या कारित करने के लिए उकसाने के लिए *X* दोषी है

*(d)* क्योंकि *Z* की मृत्यु सुनिश्चित नहीं है, आपराधिक दायित्व, अगर कोई है, तो केवल *Y* का ही होगा

**35.** Which of the following statements is/are correct?

1. Counter-offer puts an end to the original offer.
2. In counter-offer, the previous offer can be revived.
3. Acceptance must be absolute and unqualified.
4. Acceptance with new terms is valid.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 3

*(c)* 2 and 3

*(d)* 3 and 4

**36.** The original jurisdiction of the Supreme Court is ***not*** attracted in any dispute between

*(a)* the Government of India and one or more States

*(b)* the Government of India and any State or States on one side and one or more States on the other side

*(c)* the Government of India and citizens or private bodies

*(d)* two or more States

**37.** According to Roscoe Pound, which of the following situations do/does ***not*** depict conflict between interests in the same plane?

1. Right to abortion of woman vs. Right to life of child in the womb
2. Right to privacy of AIDS patient vs. Right to health of fiancée
3. Right to livelihood of prostitute vs. Right of society to be free from immoral surroundings
4. Right to self-determination vs. Right to conjugal relations of a spouse

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 3 only

*(b)* 3 and 4

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 1, 2 and 3

**38.** International usage translates into international custom only if

*(a)* followed by the States for a long time

*(b)* consistently and uniformly followed by the States for a long time

*(c)* uniformly followed by the States with the belief that States are bound to follow it

*(d)* States have the belief that they are bound to follow the usage

**35.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. प्रति-प्रस्ताव मूल प्रस्ताव की समाप्ति कर देता है।

2. प्रति-प्रस्ताव में, पिछले प्रस्ताव को पुनः प्रवर्तित कर सकते हैं।

3. स्वीकृति आत्यंतिक और बिना शर्त के होनी चाहिए।

4. नए निबन्धनों के साथ स्वीकृति वैध है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* 1 और 3

*(c)* 2 और 3

*(d)* 3 और 4

**36.** किनके बीच के किसी विवाद में उच्चतम न्यायालय की प्रारम्भिक अधिकारिता आकर्षित **नहीं** होती?

*(a)* भारत सरकार और एक या अधिक राज्य

*(b)* एक ओर भारत सरकार और एक या अधिक राज्य और दूसरी ओर एक या अधिक अन्य राज्य

*(c)* भारत सरकार और नागरिक या प्राइवेट निकाय

*(d)* दो या अधिक राज्य

**37.** रोस्को पाउण्ड के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्थिति/अवस्थितियाँ समान स्तर के हितों के विरोध को चित्रित **नहीं** करती है/हैं?

1. स्त्री का गर्भपात कराने का अधिकार बनाम गर्भस्थ शिशु का जीवन का अधिकार

2. AIDS के मरीज का एकांतता का अधिकार बनाम वाग्दत्ता का आरोग्य का अधिकार

3. वेश्या का जीविका का अधिकार बनाम समाज का अनैतिक प्रतिवेश से मुक्त होने का अधिकार

4. आत्म-निर्णय का अधिकार बनाम पति/पत्नी के दाम्पत्य रिश्तों का अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 3

*(b)* 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* 1, 2 और 3

**38.** अन्तर्राष्ट्रीय प्रथा अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़ि में केवल तभी अनुवादित होती है

*(a)* जब राज्यों द्वारा लम्बे समय तक पालित की जाए

*(b)* जब राज्यों द्वारा लम्बे समय तक एकसमान और सतत पालित की जाए

*(c)* जब राज्यों द्वारा इस विश्वास के साथ एकसमान पालित की जाए कि राज्य इसे पालन करने को आबद्ध हैं

*(d)* जब राज्य यह विश्वास रखते हैं कि वे प्रथा का पालन करने को आबद्ध हैं

**39.** Which one of the following is the *ratio decidendi* of the case of Rylands vs. Fletcher?

(a) A person is liable if he brings on his land some dangerous thing

(b) The liability arises not because there was any fault on the person but because he kept some dangerous thing on his land

(c) Even if the defendant was not negligent in causing the harm, he could still be made liable under the rule

(d) A person, who for his own purposes brings on his lands and keeps there anything which is likely to do mischief if it escapes, is *prima facie* answerable for the damage which is the natural consequence of its escape

**40.** Consider the following statements :

1. The Preamble of both International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights (ICESCR) and International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) recognize that all human rights are interrelated, indivisible, interdependent and equally important.
2. ICCPR recognizes the principle of Progressive Realization.
3. ICESCR is monitored by the UN General Assembly.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

**41.** A contract by post is concluded at the place

(a) from where the offer had been made

(b) from where the acceptance had been posted

(c) where the acceptance had been received

(d) where the goods are to be delivered

**42.** Which one of the following statements is correct with regard to appointment of the Judges of the Supreme Court of India?

(a) The Chief Justice of India (CJI) should consult a collegium of four seniormost judges of the Supreme Court

(b) Even if two judges of the collegium give an adverse opinion, the CJI should send the recommendation to the government

(c) The opinion of the collegium may be different from that of the CJI

(d) Every judge of the Supreme Court is appointed by the CJI

39. निम्नलिखित में से कौन-सा रायलैण्ड बनाम फ्लेचर के वाद का विनिश्चय-आधार है?

(a) वह व्यक्ति, जो अपनी भूमि पर खतरनाक वस्तु लाता है, दायी है

(b) दायित्व इसलिए उद्भूत नहीं होता कि व्यक्ति की कोई त्रुटि है, अपितु इसलिए कि उसने अपनी भूमि पर खतरनाक वस्तु रखी है

(c) भले ही क्षति प्रतिवादी की किसी उपेक्षा से कारित नहीं हुई है, इस नियम के अन्तर्गत उसको फिर भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है

(d) कोई व्यक्ति जो अपने खुद के प्रयोजनों के लिए अपनी भूमि पर कोई ऐसी चीज लाकर रखता है जो यदि निकल जाए तो रिष्टि कर सकती है, तो वह व्यक्ति इसके निकल जाने से होने वाले प्राकृतिक परिणाम के रूप में हुई नुकसानी के लिए प्रथम दृष्ट्या उत्तरदायी है

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर प्रसंविदा (ICESCR) और अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर प्रसंविदा (ICCPR) की उद्देशिका यह स्वीकार करती है कि सभी मानव अधिकार परस्पर-सम्बन्धित, अभाज्य, परस्पर-निर्भर और समान रूप से महत्त्वपूर्ण हैं।

2. ICCPR प्रगामी उपलब्धि के सिद्धान्त को स्वीकार करता है।

3. संयुक्त राष्ट्र की महासभा ICESCR का परिवीक्षण करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

41. डाक द्वारा संविदा किस स्थान पर निष्पादित होती है?

(a) जहाँ से प्रस्ताव निर्मित हुआ था

(b) जहाँ से स्वीकृति को डाक में डाला गया था

(c) जहाँ पर स्वीकृति प्राप्त हुई थी

(d) जहाँ पर माल को पहुँचाया जाना है

42. भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(a) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को उच्चतम न्यायालय के चार वरिष्ठ न्यायाधीशों की अधिशासी समिति का परामर्श लेना चाहिए

(b) चाहे अधिशासी समिति के दो न्यायाधीशों ने प्रतिकूल मत दिया हो, भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को सुझाव सरकार को भेजना चाहिए

(c) अधिशासी समिति का मत भारत के मुख्य न्यायमूर्ति के मत से भिन्न हो सकता है

(d) उच्चतम न्यायालय का हर न्यायाधीश भारत के मुख्य न्यायमूर्ति द्वारा नियुक्त होता है

**43.** Consider the following paragraph with regard to weakness of a theory of possession and identify the theory with the help of the code given below :

*It looks at possession from the point of view of interdicts and therefore, it is incapable of explaining the cases where law refused 'possessory rights' to the persons who were in effective physical control. The cases in which the persons did not look like an owner (in relation to a thing) but for certain purposes, law recognized them to be in possession cannot be explained by this theory.*

*Code* :

*(a)* Savigny's theory

*(b)* Ihering's theory

*(c)* Rousseau's theory

*(d)* Holland's theory

**44.** Which one of the following principles was applied by the International Court of Justice in the North Sea Continental Shelf cases involving disputes concerning delimitation of continental shelves of Federal Republic of Germany, Denmark and the Netherlands?

*(a)* Equidistance principle which is part of Geneva Convention on Continental Shelf, 1958

*(b)* Proportionality criterion on the basis of equity which is general principle of law recognized by civilized nations

*(c)* International customary law

*(d)* Equidistance and equitable principles

**45.** Generally, tortuous liability has an element of fault to support it. In which one of the following Acts, recently a provision has been made in India, which provides for meeting claims arising both on the basis of fault principle and no-fault principle?

*(a)* Factories Act

*(b)* Motor Vehicles Act

*(c)* Workmen's Compensation Act

*(d)* Public Liability Insurance Act

**46.** Consider the following statements :

1. In the case of Mithu vs. State of Punjab, the constitutional validity of Section 303 of the IPC was examined by the Supreme Court of India and held that this Section violates Article 14 and Article 21 of the Constitution.
2. Counsel for appellants/ petitioners in the above case contended that Section 303 of the IPC is arbitrary, because it authorizes deprivation of life by an unjust and unfair procedure.
3. Section 303 of the IPC provides punishment for culpable homicide by causing death of person other than the person whose death was intended.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 only

**43.** कब्जे के सिद्धान्त की अपर्याप्तता (वीकनेस) के बारे में निम्नलिखित परिच्छेद पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से उस सिद्धान्त को पहचानिए :

*यह कब्जे को निषेध के दृष्टिकोण से देखता है और इसलिए यह उन वादों की व्याख्या में असमर्थ है जहाँ विधि ने उन व्यक्तियों के 'कब्जे के अधिकारों' को नामंज़ूर कर दिया जिनका प्रभावी भौतिक नियंत्रण था। ऐसे वाद जिनमें व्यक्ति स्वामी की तरह नहीं दिखते (किसी वस्तु के सन्दर्भ में) किन्तु कतिपय प्रयोजनों के लिए विधि उनके कब्जे को स्वीकार करती है, इसकी इस सिद्धान्त से व्याख्या नहीं की जा सकती।*

**कूट :**

*(a)* सैविग्नी का सिद्धान्त

*(b)* इहरिंग का सिद्धान्त

*(c)* रूसो का सिद्धान्त

*(d)* होलंड का सिद्धान्त

**44.** फेडरल रिपब्लिक ऑफ जर्मनी, डेनमार्क और नीदरलैण्ड के बीच, महाद्वीपीय मग्नतट भूमि के परिसीमन से सम्बन्धित विवादों को अन्तर्ग्रस्त करने वाले उत्तरी सागर महाद्वीपीय मग्नतट भूमि के वादों में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने निम्नलिखित में से किस एक सिद्धान्त को लागू किया था?

*(a)* समान दूरी का सिद्धान्त, जो महाद्वीपीय मग्नतट भूमि विषयक जेनेवा अभिसमय, 1958 का हिस्सा है

*(b)* साम्या के, जो सभ्य राष्ट्रों द्वारा मान्य विधि का सामान्य सिद्धान्त है, आधार पर आनुपातिकता मानदण्ड

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय रूढ़िजन्य विधि

*(d)* समान दूरी और साम्यापूर्ण सिद्धान्त

**45.** सामान्यतः अपकृत्य के दायित्व में त्रुटि का तत्त्व शामिल होता है जो उसे समर्थित करता है। निम्नलिखित में से किस एक अधिनियम में भारत में हाल ही में यह उपबन्ध किया गया है जो त्रुटि सिद्धान्त और न-त्रुटि सिद्धान्त दोनों के आधार पर उत्पन्न होने वाले दावों की पूर्ति करता है?

*(a)* कारखाना अधिनियम

*(b)* मोटर-यान अधिनियम

*(c)* कर्मकार प्रतिकर अधिनियम

*(d)* लोक दायित्व बीमा अधिनियम

**46.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के उच्चतम न्यायालय ने मीथू बनाम पंजाब राज्य के वाद में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 303 की सांविधानिक वैधता का परीक्षण किया और अभिनिर्धारित किया कि यह धारा संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करती है।
2. अपीलार्थियों/वादियों के परामर्शदाता ने उपर्युक्त वाद में प्रतिवाद किया कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 303 मनमानी है क्योंकि यह नावाज़िब व अनुचित प्रक्रिया द्वारा जीवन से वंचित करने को प्राधिकृत करती है।
3. भारतीय दण्ड संहिता की धारा 303 में, जिस व्यक्ति की मृत्यु कारित करने का आशय था उससे भिन्न व्यक्ति की मृत्यु करके आपराधिक मानव वध के लिए दण्ड का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 1

*(c)* 1, 2 और 3

*(d)* केवल 2

47. Which one of the following constitutes an offer?

(a) Display of goods with price tags in a self-service shop

(b) Advertisement announcing a reward of Rs 5,000 to any person who would find the missing dog of the advertiser

(c) When a man advertises that he has a stock of books to sell at a flat rate of Rs 100 per book

(d) An auctioneer's announcement that specified goods will be sold by auction on a certain day.

48. Whenever the Constitution requires the 'satisfaction' of the President for the exercise of any power or function by him, it means

(a) the personal satisfaction of the President

(b) the satisfaction of the Council of Ministers

(c) the satisfaction of the Members of the Parliament

(d) None of the above

49. Which of the following are theories of punishment?

1. Pure theory
2. Deterrent theory
3. Declaratory theory
4. Expiatory theory
5. Retributive theory

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 2 and 5 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 4 only

(d) 2, 4 and 5

50. An executive action taken during national emergency in violation of Article 19 of the Constitution of India

(a) can only be challenged during the emergency

(b) can only be challenged after the emergency is over

(c) cannot be challenged at all

(d) can be challenged during or after the emergency

51. Under the Law Reform (Married Women and Tort Feasors) Act, 1935, the judgment against one tort feasor shall

(a) be a bar to an action against any other person

(b) not be a bar to an action against any other person

(c) create proportionate liability

(d) not create proportionate liability

47. निम्नलिखित में से किस एक से प्रस्ताव निर्मित होता है?

(a) स्वयं-सेवा दुकान में कीमत पट्टी लगी वस्तुएँ प्रदर्शित करना

(b) विज्ञापनकर्ता द्वारा यह विज्ञापन घोषित करना कि उसके खोए हुए कुत्ते को पाने वाले किसी व्यक्ति को 5,000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा

(c) जब कोई व्यक्ति यह विज्ञापन करता है कि उसके पास 100 रुपये प्रति पुस्तक की सपाट दर पर बेचने के लिए पुस्तकों का स्टॉक है

(d) किसी नीलामकर्ता की यह घोषणा कि निर्दिष्ट वस्तुएँ एक विशिष्ट दिन को नीलामी द्वारा बेची जाएंगी

48. जब कभी भी संविधान राष्ट्रपति की, उनके द्वारा किसी शक्ति अथवा कृत्य के प्रयोग के लिए, 'तुष्टि' की अपेक्षा करता है, तो इसका क्या अर्थ है?

(a) राष्ट्रपति की वैयक्तिक तुष्टि

(b) मंत्रिपरिषद् की तुष्टि

(c) संसद् के सदस्यों की तुष्टि

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. निम्नलिखित में से कौन-से दण्ड के सिद्धान्त हैं?

1. शुद्ध सिद्धान्त
2. निवारक सिद्धान्त
3. घोषणात्मक सिद्धान्त
4. प्रायश्चित्तिक सिद्धान्त
5. प्रतिफलात्मक सिद्धान्त

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) केवल 2 और 5

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 2, 4 और 5

50. राष्ट्रीय आपात के दौरान भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 के अतिक्रमण में की गई कार्यपालिका कार्यवाही पर

(a) केवल आपात के दौरान ही आक्षेप कर सकते हैं

(b) केवल आपात के समाप्त होने पर ही आक्षेप कर सकते हैं

(c) बिलकुल आक्षेप नहीं कर सकते

(d) आपात के दौरान या समाप्त होने पर आक्षेप कर सकते हैं

51. विधि सुधार (विवाहित महिलाएँ और अपकृत्यकर्ता) अधिनियम, 1935 के अधीन किसी एक अपकृत्यकर्ता के विरुद्ध निर्णय

(a) किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही का वर्जन होगा

(b) किसी अन्य व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही का वर्जन नहीं होगा

(c) आनुपातिक दायित्व का सृजन करेगा

(d) आनुपातिक दायित्व का सृजन नहीं करेगा

52. Which one of the following statements is correct?

(a) An agreement is void unless it is duly supported by adequate consideration

(b) In a valid contract, there can be an oral promise to compensate a person who has already voluntarily done something for the promisor

(c) Under Indian Law, consideration need not move at the desire of the promisor

(d) Indian Law does not recognize past consideration

53. Consider the following statements :

1. The President of India may be removed from his office before expiry of his term for violation of the Constitution.
2. The impeachment charge against the President may be preferred by either House of the Parliament.
3. For the resolution of impeachment, votes of two-third of the Members of the House present and voting are required.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 and 2

(b) 1 and 3

(c) 2 and 3

(d) 1 only

54. Which one of the following theories is based on the principle that punishment should be of such a nature so as to prove deterrent not only for the wrongdoer but also for the society?

(a) Preventive theory

(b) Reformative theory

(c) Retributive theory

(d) None of the above

55. Which one of the following pairs is correctly matched?

(a) *De facto* recognition : Irrevocable

(b) *De jure* recognition : Revocable

(c) Constitutive theory : Recognition is a formal acknowledgement of an existing fact

(d) Declaratory theory : A new State exists independent of recognition

52. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(a) कोई करार शून्य है जब तक कि वह पर्याप्त प्रतिफल से उचिततः समर्थित न हो

(b) किसी वैध संविदा में, किसी व्यक्ति को, जिसने वचनदाता के लिए पहले ही स्वेच्छा से कुछ किया है, प्रतिकर का मौखिक वचन हो सकता है

(c) भारतीय विधि के अधीन यह आवश्यक नहीं कि प्रतिफल वचनदाता की इच्छा पर आए

(d) भारतीय विधि पूर्व प्रतिफल को मान्यता प्रदान नहीं करती

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के राष्ट्रपति को संविधान के उल्लंघन के लिए उसकी पदावधि के समापन से पूर्व उसके पद से हटाया जा सकता है।

2. राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग का आरोप संसद् के दोनों में से किसी भी सदन द्वारा लगाया जा सकता है।

3. महाभियोग के संकल्प के लिए सदन के दो-तिहाई, उपस्थित और मत देने वाले, सदस्यों का मत आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) 1 और 2

(b) 1 और 3

(c) 2 और 3

(d) केवल 1

54. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सिद्धान्त-इस सिद्धान्त पर आधारित है कि दण्ड ऐसे स्वरूप का होना चाहिए जो न केवल दोषकर्ता के लिए बल्कि समाज के लिए भी निवारक सिद्ध हो?

(a) निवारक सिद्धान्त

(b) सुधारक सिद्धान्त

(c) प्रतिफलात्मक सिद्धान्त

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित है?

(a) वस्तुतः मान्यता : अप्रतिसंहरणीय

(b) विधितः मान्यता : प्रतिसंहरणीय

(c) संघटक सिद्धान्त : मान्यता किसी विद्यमान तथ्य की औपचारिक अभिस्वीकृति है

(d) घोषणात्मक सिद्धान्त : कोई नया राज्य मान्यता से स्वतंत्र विद्यमान होता है

**56.** Which one of the following defences did the defendants in the case of Donoghue vs. Stevenson ***not*** plead?

*(a)* The manufacturer did not owe any duty of care towards the consumer of the ginger beer which was gifted to her by her friend

*(b)* The plaintiff was a stranger to the contract and therefore, her action was not maintainable

*(c)* The incident cannot be prevented by the standard of foresight of the reasonable man

*(d)* The 'privity of contract policy' be applicable and there would be no liability of the manufacturer

**57.** *X* intended to kill *A* but instead killed *B* whom he had no intention to kill. Under which doctrine is *X* liable for the murder of *B*?

*(a)* Doctrine of transfer of malice

*(b)* Doctrine of extended malice

*(c)* Doctrine of *mens rea*

*(d)* Doctrine of diminished responsibility

**58.** Which one of the following statements with regard to contract is ***not*** correct?

*(a)* Performance of the conditions of a proposal, or the acceptance of any consideration for a reciprocal promise which may be offered with a proposal, is an acceptance of the proposal

*(b)* An agreement made without consideration can be enforced by law as contract if it is in writing between parties standing in near relationship and is made on account of natural love and affection

*(c)* Every agreement in restraint of the marriage of any person, other than a minor, is void

*(d)* An acceptance may be revoked at any time before the communication of the acceptance is complete as against the acceptor, but not afterwards

**59.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* Right to livelihood is an integral facet of the Right to life

*(b)* Natural justice is implicit in Article 21

*(c)* The Right to life includes the Right to health

*(d)* Right to go abroad is not a Fundamental Right

**56.** डोनोग्यू बनाम स्टीवेन्सन वाद में प्रतिवादी ने निम्नलिखित में से किस एक प्रतिरक्षा का अभिवाक् **नहीं** किया?

*(a)* निर्माता जिंजर बियर की उपभोक्ता के प्रति, जो उसे उसके मित्र ने उपहार में दी थी, कोई देख-रेख के कर्तव्य का भार नहीं रखता था

*(b)* वादी संविदा के लिए परव्यक्ति थी और इसलिए उसका अनुयोजन चलाने योग्य नहीं है

*(c)* घटना युक्तियुक्त व्यक्ति की पूर्वकल्पनीयता के मानक द्वारा रोकी नहीं जा सकती है

*(d)* 'संविदात्मक सम्बन्ध नीति' लागू होती है और निर्माता का कोई दायित्व नहीं होगा

**57.** $X$ का आशय $A$ का वध करने का था किन्तु उसकी बजाय उसने $B$ का वध कर दिया जिसके वध का उसका कोई आशय नहीं था। किस सिद्धान्त के अधीन $X$, $B$ की हत्या के लिए दायी है?

*(a)* विद्वेष के अन्तरण का सिद्धान्त

*(b)* विस्तारित विद्वेष का सिद्धान्त

*(c)* आपराधिक मनःस्थिति का सिद्धान्त

*(d)* ह्रासित उत्तरदायित्व का सिद्धान्त

**58.** संविदा के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से, कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* प्रस्ताव की शर्तों का पालन, या किसी उस व्यतिकारी वचन के लिए किसी प्रतिफल की स्वीकृति जो प्रस्ताव के साथ पेश किया जा सकता है, प्रस्ताव की स्वीकृति है

*(b)* प्रतिफल के बिना किया गया करार विधि द्वारा संविदा के रूप में प्रवर्तित किया जा सकता है यदि यह निकट सम्बन्ध में रहने वाले पक्षकारों के बीच लिखित में हो और स्वाभाविक प्रेम के कारण किया गया हो

*(c)* किसी भी व्यक्ति (अवयस्क से भिन्न) के विवाह के अवरोध में किया गया करार शून्य है

*(d)* किसी स्वीकृति का प्रतिसंहरण उसके स्वीकृतिकर्ता के विरुद्ध स्वीकृति की संसूचना पूर्ण होने के पूर्व किसी भी समय किया जा सकता है, किन्तु उसके बाद नहीं

**59.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* जीविका का अधिकार जीवन के अधिकार का अभिन्न पहलू है

*(b)* नैसर्गिक न्याय अनुच्छेद 21 में निहित है

*(c)* जीवन के अधिकार में स्वास्थ्य का अधिकार शामिल है

*(d)* विदेश जाने का अधिकार एक मूल अधिकार नहीं है

**60.** Which of the following is/are the criticism(s) of analytical view of custom?

1. A bulk of the customs is non-litigious, and hence it does not come before the courts but the society regulates its conduct in accordance with them.
2. In most cases, customs are recognized not with the assumption that this recognition gives them the sanctity of law but with this assumption that they are law and they have been treated so.
3. Though there are some rules of law which are, undoubtedly, based on the common conviction of the people, the majority of the rules are so complicated and technical that the common conviction might never have thought of them.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 1 and 3 only

*(d)* 2 only

**61.** In case of State succession, which of the following treaties do ***not*** pass on to the new State?

*(a)* Boundary treaties

*(b)* Territorially grounded treaties

*(c)* Multilateral human rights treaties

*(d)* Political treaties

**62.** The plaintiff was traveling in a bus belonging to the State Road Transport Corporation resting her elbow on the windowsill. The bus was moving on the highway outside the town area. A truck coming from the opposite direction hit her elbow as a result of which she received severe injuries. The bus and the truck, however, did not come in contact with each other. The plaintiff claimed damages against the drivers of the bus as well as the truck. On which one of the following grounds were the defendants held liable, if any?

*(a)* The drivers of both the bus and the truck owed a duty of care for the safety of the plaintiff while driving

*(b)* Presumption of negligence can be raised by applying the maxim *res ipsa loquitur*

*(c)* Law of negligence be equally applicable in crowded city as well as in the highways

*(d)* No liability, as she was resting her elbow on the windowsill

**63.** *A* digs a pit and leaves four deadly and poisonous snakes into it with the intention of causing death to others. *B* falls in the pit and is bitten by a snake and dies. *A* is guilty, if any, of

*(a)* culpable homicide not amounting to murder under Section 299

*(b)* voluntarily causing grievous hurt under Section 326

*(c)* murder under Section 300

*(d)* no offence as *B* fell in the pit by accident. Hence, *A* will get the benefit of Section 80 of the IPC

**60.** निम्नलिखित में से कौन-सा/से रूढ़ि की वैश्लेषिक दृष्टि की आलोचना/आलोचनाएँ है/हैं?

1. अधिकांश रूढ़ियाँ वाद-योग्य नहीं हैं और इसलिए ये न्यायालय में नहीं आती हैं किन्तु समाज अपने आचरण को इनके अनुसार विनियमित करता है।

2. अधिकांश मामलों में रूढ़ियाँ इस धारणा के साथ नहीं मानी जातीं कि यह मान्यता उन्हें विधि की पवित्रता प्रदान करती है किन्तु इस धारणा के साथ कि वे विधि हैं और उन्हें इसी प्रकार व्यवहृत किया गया है।

3. यद्यपि विधि के कुछ ऐसे नियम हैं जो असंदिग्ध रूप से लोगों की सामान्य धारणा पर आधारित हैं, अधिकांश नियम ऐसे जटिल और तकनीकी हैं कि सामान्य धारणा उनके बारे में कभी नहीं सोच सकी होती।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 1 और 3

*(d)* केवल 2

**61.** राज्य उत्तरवर्तन के मामले में, निम्नलिखित संधियों में से कौन-सी नए राज्य को हस्तान्तरित **नहीं** होतीं?

*(a)* सीमा संधियाँ

*(b)* राज्यक्षेत्रीयतः आधारित संधियाँ

*(c)* बहुपक्षीय मानव अधिकार संधियाँ

*(d)* राजनैतिक संधियाँ

**62.** वादी राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस में खिड़की की सिल पर कोहनी टिका कर सफर कर रही थी। बस नगर क्षेत्र से बाहर राजमार्ग पर चल रही थी। सामने की दिशा से आते हुए एक ट्रक ने उसकी कोहनी पर टक्कर मारी जिससे उसे गम्भीर क्षति हुई। तथापि बस और ट्रक का आपस में संस्पर्श नहीं हुआ था। वादी ने बस के और साथ ही ट्रक के चालकों के विरुद्ध नुकसानी का दावा किया। निम्नलिखित में से किस एक आधार पर प्रतिवादियों को, यदि किसी को, दायी बनाया गया?

*(a)* बस और ट्रक दोनों के चालकों का, वाहन चलाते समय, वादी की सुरक्षा के लिए देख-रेख का कर्तव्य था

*(b)* उपेक्षा की पूर्वधारणा, स्वयं प्रमाण की सूक्ति का प्रयोग करते हुए, उठाई जा सकती है

*(c)* उपेक्षा का नियम भीड़ भरे शहर और साथ ही राजमार्गों पर समान रूप से लागू है

*(d)* कोई दायित्व नहीं है क्योंकि उसने अपनी कोहनी खिड़की की सिल पर रखी थी

**63.** *A* ने दूसरों को मारने के आशय से एक गड्ढा खोदा और उसमें चार घातक और जहरीले साँप छोड़ दिए। *B* गड्ढे में गिर गया और साँप के काटने से मर जाता है। *A*, यदि है तो, किसके लिए दोषी है?

*(a)* धारा 299 में हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानव वध

*(b)* धारा 326 में स्वेच्छा से घोर उपहति कारित करना

*(c)* धारा 300 में हत्या

*(d)* किसी अपराध का नहीं, क्योंकि *B* दुर्घटना से गड्ढे में गिर गया था। इसलिए *A* को भा० दं० सं० की धारा 80 का लाभ मिल जाएगा

**64.** Which one of the following statements with regard to factors vitiating consent is correct?

*(a)* A person is deemed to be in a position to dominate the will of another where he stands in a fiduciary relation to the other

*(b)* Where a person who is in a position to dominate the will of another enters into a contract with him, the burden of proving that such consent was not induced by undue influence would always be upon the person in a position to dominate the will of the other

*(c)* Parents shall always be deemed to be in a position to dominate the will of their children

*(d)* Presumption of undue influence would always arise when parties are nearly related to each other

**65.** The ambit of the expression 'law' as defined in Article 13(3)(a) of the Constitution of India ensures that the paramountcy of the Constitution extends to the

1. temporary laws such as ordinances, notification as well as permanent laws such as Acts
2. statutory instruments in the nature of subordinate legislation such as bye-law, rule, etc
3. non-legislative sources of law, e.g., custom or usage having in the territory of India the force of law

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 and 3 only

**66.** Which one of the following pairs is correctly matched in order to form a jural opposite in the analysis of 'Right' given by W. N. Hohfeld?

*(a)* Claim : Duty

*(b)* Power : Disability

*(c)* Immunity : Disability

*(d)* Privilege : No right

**67.** Which of the following are correct according to Constitutive Theory of Recognition?

1. Recognition is a key to membership of the international community.
2. It is constitutive of a new international legal personality.
3. States are under a legal obligation to grant recognition to a newly emerging State.
4. Recognition clothes the government of the recognized State with authority and opportunity to conduct international relations.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 4 only

*(d)* 1, 3 and 4

**64.** सम्मति को दूषित करने वाले कारणों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही है?

(a) कोई व्यक्ति दूसरे की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में माना जाता है जहाँ वह दूसरे के वैश्वासिक सम्बन्ध में होता है

(b) जब कोई व्यक्ति दूसरे की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में होकर उसके साथ संविदा करता है, तो यह साबित करने का भार कि सम्मति असम्यक् असर से उत्प्रेरित नहीं हुई, हमेशा उस व्यक्ति पर होगा जो दूसरे की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में है

(c) अभिभावक हमेशा अपने बच्चों की इच्छा को अधिशासित करने की स्थिति में माने जाते हैं

(d) जब पक्षकार एक-दूसरे के नजदीकी सम्बन्धी हों, तो असम्यक् असर की उपधारणा हमेशा पैदा होगी

**65.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 13(3)(a) में यथा-परिभाषित 'विधि' की अभिव्यक्ति की परिधि सुनिश्चित करती है कि संविधान की सर्वोपरिता का विस्तार

1. अस्थायी विधियों जैसे कि अध्यादेश, अधिसूचना, और साथ ही, स्थायी विधियों जैसे कि अधिनियम तक है

2. कानूनी लिखतें, जो अधीनस्थ विधायन के स्वरूप के हैं, जैसे कि उपविधि, नियम आदि तक है

3. अविधायी विधि के स्रोत, जैसे कि भारत के राज्यक्षेत्र में विधि का बल रखने वाली रूढ़ि या प्रथा तक है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**66.** डब्ल्यू० एन० हॉफिल्ड द्वारा दिए गए 'अधिकार' के विश्लेषण में विधिदार्शनिक विरोधी बनाने के क्रम में निम्नलिखित में से कौन-सा एक युग्म सुमेलित है?

(a) दावा : कर्तव्य

(b) शक्ति : निर्योग्यता

(c) उन्मुक्ति : निर्योग्यता

(d) विशेषाधिकार : कोई अधिकार नहीं

**67.** मान्यता के संघटक सिद्धान्त के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-से सही हैं?

1. मान्यता अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय की सदस्यता के लिए मूल है।

2. यह नए अन्तर्राष्ट्रीय विधिक व्यक्तित्व का संघटक है।

3. नए आविर्भूत राज्य को मान्यता प्रदान करने के लिए राज्य विधिक बाध्यताधीन है।

4. मान्यता मान्य राज्य की सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों का संचालन करने का प्राधिकार और अवसर देती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1, 2 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 3 और 4

**68.** Which one of the following statements illustrates the principle of Contributory Negligence?

*(a)* The plaintiff by his own want of care contributes to the damage caused by the negligence or wrongful conduct of the defendant

*(b)* To be guilty of contributory negligence, the plaintiff should have acted like a prudent man

*(c)* A person who comes to court must come with clean hands

*(d)* The plaintiff's negligence means breach of duty towards defendant

**69.** Which one of the following is ***not*** an element of theft?

*(a)* Dishonest intention to take movable property

*(b)* Moving of movable property with dishonest intention to take it out of the possession of another person

*(c)* Dishonest inducement to deliver movable property

*(d)* Moving of movable property in order to accomplish the taking of it without the consent of the possessor

**70.** Which one of the following agreements is induced by undue influence?

*(a)* *A* applies to a banker for loan at a time when there is stringency in the money market. The banker declines to make the loan except at an unusually high rate of interest. *A* accepts the loan on these terms

*(b)* *A*, enfeebled by disease or age, is induced by *B*'s influence over him as his medical attendant, to agree to pay *B* an unreasonable sum for his professional services

*(c)* *A*, at the age of sixty-five years, executes a deed of gift in favour of his only grandson gifting him all his properties to the exclusion of his wife, sons and daughters

*(d)* *B*, a rich man, donates all his properties to a charitable trust leaving nothing for himself and his family members

**71.** In which one of the following cases was it observed that the objectives specified in the Preamble contain the basic structure of our Constitution, which ***cannot*** be amended in exercise of the power under Article 368 of the Constitution?

*(a)* Kesavananda Bharati vs. State of Kerala

*(b)* Lingappa vs. State of Maharashtra

*(c)* D. S. Nakara vs. Union of India

*(d)* Amar Singh vs. State of Rajasthan

68. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन योगदायी उपेक्षा के सिद्धान्त को दर्शाता है?

(a) वादी अपनी सावधानी के अभाव से प्रतिवादी की उपेक्षा या सदोष कार्य से कारित हुए नुकसान में योगदायी है

(b) योगदायी उपेक्षा के लिए दोषी होने के लिए वादी को चाहिए था कि प्रज्ञायुक्त व्यक्ति की तरह व्यवहार करता

(c) न्यायालय में आने वाले व्यक्ति का स्वयं दोषहीन होना आवश्यक है

(d) वादी द्वारा की गई उपेक्षा का अर्थ है प्रतिवादी की तरफ कर्तव्य का भंग होना

69. निम्नलिखित में से कौन-सा एक चोरी का तत्त्व **नहीं** है?

(a) जंगम सम्पत्ति को बेईमानी से ले लेने का आशय

(b) बेईमान आशय से किसी दूसरे व्यक्ति के कब्जे में से जंगम सम्पत्ति को हटाना

(c) जंगम सम्पत्ति को परिदत्त करने के लिए बेईमानी से उत्प्रेरित करना

(d) कब्जेदार की सम्मति के बिना जंगम सम्पत्ति को ले लेने के लिए हटाना

70. निम्नलिखित में से कौन-सा एक करार असम्यक् असर से उत्प्रेरित है?

(a) $A$ किसी बैंकर से ऐसे समय में उधार के लिए आवेदन करता है जब मुद्रा बाजार में तंगी है। बैंकर, असामान्य रूप से उच्च ब्याज-दर के सिवाय, उधार देने से मना कर देता है। $A$ इन शर्तों पर उधार स्वीकार कर लेता है

(b) $A$, रोग या उम्र के कारण अशक्त होकर, स्वयं पर अपने चिकित्सक के रूप में $B$ के प्रभाव से उत्प्रेरित होता है और $B$ को अपनी व्यावसायिक सेवा के रूप में अयुक्तियुक्त राशि का भुगतान करने के लिए सहमत हो जाता है

(c) $A$ पैंसठ वर्ष की उम्र में अपने एकमात्र पौत्र के पक्ष में, अपनी पत्नी, बेटों और बेटियों को अपवर्जित करते हुए, अपनी सभी सम्पत्तियों के दान का विलेख निष्पादित करता है

(d) एक धनी व्यक्ति $B$ अपनी सभी सम्पत्तियों को, अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए कुछ भी न छोड़ते हुए, किसी पूर्त न्यास को दान कर देता है

71. निम्नलिखित में से किस एक वाद में यह प्रेक्षित किया गया कि उद्देशिका में विनिर्दिष्ट उद्देश्य हमारे संविधान के आधारभूत स्वरूप को अन्तर्विष्ट करते हैं जिनका संविधान के अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत दी गई शक्ति के आधार पर संशोधन **नहीं** किया जा सकता?

(a) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

(b) लिंगप्पा बनाम महाराष्ट्र राज्य

(c) डी० एस० नकारा बनाम भारत संघ

(d) अमर सिंह बनाम राजस्थान राज्य

**72.** If the sum fixed represents a genuine pre-estimate of the probable damages that are likely to result from a breach of contract, it is considered as

(a) liquidated damages

(b) penal damages

(c) special damages

(d) general damages

**73.** The Charter of the United Nations

(a) enumerates human rights

(b) imposes obligation on States to promote human rights

(c) contains mechanisms to implement human rights

(d) imposes obligation on States to protect human rights enumerated therein

**74.** Identify the situations where slander is actionable *per se* under the English law of tort :

1. Imputation of criminal offence to the plaintiff
2. Imputation of belonging to the lower caste
3. Imputation of a contagious or infectious disease
4. Imputation of unchastity or adultery to any woman

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

(a) 2, 3 and 4

(b) 1, 3 and 4

(c) 1 and 4 only

(d) 1 and 3 only

**75.** *W*, who had her small baby tied on her back, was proceeding towards her parental place who lived nearby. Since her husband *H*, did not like her visits to her parental place prevented her from proceeding further and directed her to return her home and threatened her with dire consequences if she ventured to do so again. She felt very depressed and decided to jump into a well nearby. Unmindful of the presence of her child on her back, she jumped into the well. She survived but the child died. *W* is guilty of

(a) murder

(b) culpable homicide not amounting to murder as she cannot be attributed with intention to cause death or intention to cause bodily injury

(c) causing death by rash or negligent act

(d) no offence as it is a case of accident or misfortune

**76.** *A*'s wallet falls out of his pocket unknown to him. *B*, who sees this, picks up the same. On finding that the wallet contained Rs 2,000, *B* uses the money for his own purposes. After twelve hours, *B* puts Rs 2,000 back in the wallet and returns the same to *A*. *B* is

(a) not guilty of any offence

(b) guilty of criminal misappropriations of property

(c) not guilty of criminal misappropriation as *B* returns the money and the wallet to *A* after twelve hours

(d) guilty of theft as *B* has caused wrongful loss to *A* for twelve hours

**72.** अगर निर्धारित धनराशि संविदा के भंग होने से होने वाले अधिसम्भाव्य नुकसान के वास्तविक अग्र-अनुमान का व्यपदेशन करती है, तो वह

*(a)* परिनिर्धारित नुकसान है

*(b)* शास्तिक नुकसान है

*(c)* विशेष नुकसान है

*(d)* साधारण नुकसान है

**73.** संयुक्त राष्ट्र का चार्टर

*(a)* मानव अधिकारों को प्रगणित करता है

*(b)* राज्यों पर, मानव अधिकारों की अभिवृद्धि करने की बाध्यता को अधिरोपित करता है

*(c)* मानव अधिकारों को कार्यान्वित करने की क्रियाविधि को अन्तर्विष्ट करता है

*(d)* राज्यों पर, उसमें प्रगणित मानव अधिकारों का संरक्षण करने की बाध्यता को अधिरोपित करता है

**74.** उन स्थितियों को पहचानिए जहाँ अपकृत्य की अंग्रेजी विधि के अधीन अपमान-वचन अपने में ही अनुयोज्य है :

1. वादी पर आपराधिक अपराध का अभ्यारोपण
2. निचली जाति के होने का अभ्यारोपण
3. सांसर्गिक या संक्रामक रोग का अभ्यारोपण
4. किसी महिला पर शीलभ्रष्टता या जारकर्म का अभ्यारोपण

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 2, 3 और 4

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 1 और 4

*(d)* केवल 1 और 3

**75.** *W*, जिसकी पीठ पर उसका छोटा बच्चा बँधा था, अपने नजदीक रहने वाले माता-पिता के घर जा रही थी। क्योंकि उसका पति *H* उसका उसके माता-पिता के घर जाना पसन्द नहीं करता था, उसने उसे आगे बढ़ने से मना किया और उसे घर लौट आने के लिए निर्देश दिया और उसे यह धमकी दी कि यदि उसने फिर ऐसा करने का साहस किया तो इसके गम्भीर परिणाम होंगे। उस स्त्री ने बहुत अवसाद महसूस किया और नजदीक के कुएँ में कूद जाने का निर्णय किया। यह भूलते हुए कि उसकी पीठ से उसका बच्चा बँधा है, वह कुएँ में कूद गई। वह बच गई किन्तु बच्चा मर गया। *W* किसके लिए दोषी है?

*(a)* हत्या

*(b)* हत्या की कोटि में न आने वाला आपराधिक मानव वध क्योंकि उसे मृत्यु कारित करने के आशय या शारीरिक क्षति करने के आशय का उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता

*(c)* उतावलेपन या उपेक्षा से किए गए कार्य द्वारा मृत्यु कारित करना

*(d)* कोई अपराध नहीं, क्योंकि यह दुर्घटना या दुर्भाग्य का मामला है

**76.** *A* का बटुआ उसकी जेब से उसके अनजाने में बाहर गिर गया। *B*, जिसने यह देखा, उसे उठा लिया। यह पाकर कि बटुए में 2,000 रुपये हैं, *B* ने उन रुपयों को अपने प्रयोजनों के लिए उपयोग कर लिया। बारह घण्टों के पश्चात् *B* ने बटुए में 2,000 रुपये वापस रखे और उसे *A* को लौटा दिया। *B*

*(a)* किसी अपराध के लिए दोषी नहीं है

*(b)* सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोग का दोषी है

*(c)* आपराधिक दुर्विनियोग का दोषी नहीं है क्योंकि *B* रुपयों और बटुए को बारह घण्टों के पश्चात् *A* को लौटा देता है

*(d)* चोरी के लिए दोषी है क्योंकि *B* ने *A* को बारह घण्टों के लिए सदोष हानि कारित की है

**77.** Which one of the following agreements is ***not*** void?

*(a)* *A* agrees with *B* to discover treasure by magic

*(b)* *A* agrees to sell *B* 'hundred tons of oil' without specifying in any manner what kind of oil was intended

*(c)* The plaintiff and the defendant were rival shopkeepers in a locality in Kolkata. The defendant agrees to pay a sum of money to the plaintiff if he would close his business in that locality. The plaintiff accordingly did so, but defendant refused to pay

*(d)* *A* at his own volition agrees to sell his horse worth Rs 10,000 to *B* for Rs 10 only

**78.** Which one of the following statements regarding secularism is ***not*** correct?

*(a)* 'Secular republic' implies a republic in which there is equal respect for all religions

*(b)* It was decided in the S. R. Bommai vs. Union of India case that secularism is a basic feature of the Constitution of India

*(c)* In the case of Bal Patil vs. Union of India, it was held that the concept of secularism is that the 'State' will have no religion

*(d)* The word 'secular' was introduced under the Constitution 44th Amendment

**79.** Consider the following statements with regard to the UN Committee on the Rights of the Child :

1. The Committee is a body of independent experts that monitors implementation of the Convention on the Rights of the Child by its State parties.
2. All State parties are obliged to submit regular reports to the Committee on how the Rights are being implemented.
3. The Committee considers individual complaints of violation of Child Rights.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1 and 2 only

**80.** What is the exception to *ubi jus, ibi remedium*?

*(a)* Imperfect right

*(b)* Equitable right

*(c)* Proprietary right

*(d)* Corporeal right

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक करार शून्य **नहीं** है?

*(a)* *A*, *B* के साथ, जादू से खजाने की खोज के लिए सहमत होता है

*(b)* *A*, *B* को 'सौ टन तेल', किसी भी रीति से यह विनिर्दिष्ट किए बिना कि आशय किस प्रकार के तेल का है, बेचने के लिए सहमत होता है

*(c)* वादी और प्रतिवादी कोलकाता की किसी बस्ती में प्रतिद्वन्द्वी दुकानदार थे। प्रतिवादी, वादी को कोई धनराशि इसलिए चुकाने पर सहमत होता है कि वह उस बस्ती में अपना व्यापार बन्द कर दे। वादी ने तदनुसार ऐसा किया, किन्तु तब प्रतिवादी ने भुगतान करने से इंकार कर दिया

*(d)* *A*, अपनी स्वेच्छा से, अपना 10,000 रुपये मूल्य का घोड़ा *B* को केवल 10 रुपये में बेचने के लिए सहमत होता है

**78.** धर्मनिरपेक्षता के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* 'धर्मनिरपेक्ष गणराज्य' का आशय ऐसे गणराज्य से है, जिसमें सभी धर्मों के लिए समान आदर है

*(b)* एस॰ आर॰ बोम्मई बनाम भारत संघ के वाद में यह विनिश्चित हुआ कि धर्मनिरपेक्षता भारत के संविधान की मूल विशिष्टता है

*(c)* बाल पाटिल बनाम भारत संघ के वाद में यह अभिनिर्धारित हुआ कि धर्मनिरपेक्षता की संकल्पना यह है कि 'राज्य' का कोई धर्म नहीं होगा

*(d)* 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द संविधान के चौवालीसवें संशोधन में पुरःस्थापित किया गया

**79.** शिशु के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र समिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. समिति स्वतंत्र विशेषज्ञों का एक निकाय है, जो शिशु के अधिकारों पर अभिसमय के, इसके राज्यपक्षकारों द्वारा कार्यान्वियन का, परिवीक्षण करती है।

2. सभी राज्यपक्षकार इस विषय पर कि अधिकारों का कार्यान्वियन कैसे किया जा रहा है, समिति को नियमित रिपोर्ट भेजने के लिए बाध्य हैं।

3. समिति शिशु अधिकारों के उल्लंघन की वैयक्तिक शिकायतों पर विचार करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 3

*(c)* केवल 2

*(d)* केवल 1 और 2

**80.** *जहाँ अधिकार है, वहाँ उपचार भी है*, का अपवाद क्या है?

*(a)* अपूर्ण अधिकार

*(b)* साम्यापूर्ण अधिकार

*(c)* साम्पतिक अधिकार

*(d)* मूर्त अधिकार

**81.** Consider the following statements :

1. The Judges of the International Court of Justice are elected by the General Assembly and Security Council for a period of nine years.
2. India is not a party to the Optional Protocol I of International Covenant on Civil and Political Rights, 1966.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**82.** Which one of the following has ***no*** *locus standi* to seek advisory opinion of the International Court of Justice on the issue of use of nuclear weapons by a State?

*(a)* The General Assembly of the United Nations

*(b)* The United Nations Security Council

*(c)* State which is a member of the United Nations

*(d)* The Human Rights Council after obtaining authorization of the General Assembly

**83.** Which of the following are essential elements of the defence of fair comment in the tort of defamation?

The matter commented on must be

1. of public interest
2. an assertion of fact
3. an expression of opinion
4. fair

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 2, 3 and 4

**84.** Five named accused persons *A*, *B*, *C*, *D* and *E* are prosecuted for committing dacoity. The prosecution proves beyond reasonable doubt the participation of *A*, *B* and C in the crime but fails to do the same about *D* and *E*. *A*, *B* and *C* are convicted while *D* and *E* are acquitted. Which one of the following is correct?

*(a)* Conviction of *A*, *B* and *C* is good in law as there were five participants in all in the crime

*(b)* Conviction of *A*, *B* and *C* is bad in law as for dacoity a minimum of five persons are required

*(c)* Conviction of *A*, *B* and *C* is good in law, because conviction of at least five persons for dacoity is not the legal requirement

*(d)* Conviction of *A*, *B* and *C* is bad in law as in case of named accused less than five persons cannot be convicted for dacoity

**81.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीशों का निर्वाचन महासभा एवं सुरक्षा परिषद् द्वारा नौ वर्षों की अवधि के लिए होता है।
2. भारत, सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966 के वैकल्पिक नयाचार I का एक पक्षकार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**82.** निम्नलिखित में से किस एक के पास, किसी राज्य द्वारा नाभिकीय अस्त्रों के प्रयोग के मुद्दे पर, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की सलाहकारी राय माँगने का कोई अधिकार नहीं है?

*(a)* संयुक्त राष्ट्र महासभा

*(b)* संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद्

*(c)* संयुक्त राष्ट्र का कोई सदस्य राज्य

*(d)* मानवाधिकार परिषद्, महासभा का प्राधिकार प्राप्त करने के पश्चात्

**83.** मानहानि के अपकृत्य में उचित टीका-टिप्पणी की प्रतिरक्षा के, निम्नलिखित में से कौन-से अनिवार्य तत्त्व हैं?

टीका-टिप्पणी किया गया विषय

1. लोकहित का होना ही चाहिए
2. तथ्य का प्राख्यान होना ही चाहिए
3. राय की अभिव्यक्ति होनी ही चाहिए
4. उचित होना ही चाहिए

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* 2, 3 और 4

**84.** पाँच नामित अभियुक्त व्यक्ति *A*, *B*, *C*, *D* और *E* डकैती करने के लिए अभियोजित किए गए हैं। अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे *A*, *B* और *C* की अपराध में भागीदारी सिद्ध कर देता है किन्तु *D* और *E* के बारे में ऐसा करने में विफल होता है। *A*, *B* और *C* सिद्धदोष होते हैं, जबकि *D* और *E* दोषमुक्त होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

*(a)* *A*, *B* और *C* को सिद्धदोष ठहराना विधि अनुसार सही है क्योंकि अपराध में कुल पाँच भागीदार हैं

*(b)* *A*, *B* और *C* को सिद्धदोष ठहराना विधि अनुसार गलत है क्योंकि डकैती में कम-से-कम पाँच व्यक्तियों का होना आवश्यक है

*(c)* *A*, *B* और *C* को सिद्धदोष ठहराना विधि अनुसार सही है क्योंकि डकैती के लिए कम-से-कम पाँच व्यक्तियों को सिद्धदोष ठहराना विधिक आवश्यकता नहीं है

*(d)* *A*, *B* और *C* को सिद्धदोष ठहराना विधि अनुसार गलत है क्योंकि नामित अभियुक्त के मामले में डकैती के लिए पाँच से कम व्यक्तियों को सिद्धदोष नहीं ठहराया जा सकता

**85.** Which one of the following statements is ***not*** correct?

*(a)* All illegal agreements are void but all void agreements are not necessarily illegal

*(b)* A wagering agreement is void but not illegal

*(c)* An agreement with a minor is void but not illegal

*(d)* A void agreement affects the performance of collateral transactions

**86.** In which one of the following cases was it held that a law made under Article 368 would be subject to Article 13(2) like any other law?

*(a)* Shankari Prasad vs. Union of India

*(b)* Sajjan Singh vs. State of Rajasthan

*(c)* Golak Nath vs. State of Punjab

*(d)* Minerva Mills Ltd. vs. Union of India

**87.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* *(Type of right)* | *List–II* *(Illustration)* |
|---|---|
| A. Right *in re aliena* | 1. Right to reputation |
| B. Right *in rem* | 2. Right to alimony |
| C. Imperfect right | 3. Encumbrance |
| D. Personal right | 4. Debt claim beyond the limitation period |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 1 | 4 | 2 |

**88.** In which of the following situations is communication treated as published and defamatory?

1. Dictating a letter to one's typist containing defamatory statement about another
2. Sending a defamatory letter to the plaintiff in a language supposed to be known to the plaintiff
3. The husband writing a letter to his wife containing some defamatory aspersions concerning her father
4. When a libelous letter addressed to the plaintiff is, in the ordinary course of business, opened by his clerk

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 1, 3 and 4

*(c)* 3 and 4 only

*(d)* 1 and 3 only

85. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?

*(a)* सभी अवैध करार शून्य हैं किन्तु सभी शून्य करार आवश्यक नहीं कि अवैध हों

*(b)* पंद्यम् करार शून्य है किन्तु अवैध नहीं

*(c)* अवयस्क के साथ किया गया करार शून्य है किन्तु अवैध नहीं

*(d)* शून्य करार संपार्श्विक संव्यवहारों के सम्पादन को प्रभावित करता है

86. निम्नलिखित में से किस एक वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया कि अनुच्छेद 368 के अधीन निर्मित कोई विधि किसी भी अन्य विधि की तरह अनुच्छेद 13(2) के अध्यधीन होगी?

*(a)* शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ

*(b)* सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य

*(c)* गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य

*(d)* मिनर्वा मिल्स लि० बनाम भारत संघ

87. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| **सूची–I (अधिकार का प्रकार)** | **सूची–II (दृष्टांत)** |
|---|---|
| A. *in re aliena* अधिकार | 1. प्रतिष्ठा का अधिकार |
| B. सर्वबन्धी अधिकार | 2. निर्वाह व्यय का अधिकार |
| C. अपूर्ण अधिकार | 3. विल्लंगम |
| D. व्यक्तिगत अधिकार | 4. परिसीमा अवधि के बाद ऋण का दावा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(b)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 1 | 4 | 2 |

88. निम्नलिखित में से किन स्थितियों में संसूचना को प्रकाशित और मानहानिकारक माना जाता है?

1. अपने टाइपिस्ट को अन्य के बारे में मानहानिकारक कथन वाला पत्र लिखवाना

2. वादी को ऐसी भाषा में मानहानिकारक पत्र भेजना ज़िसके बारे में यह अनुमान है कि वादी को वह भाषा आती है

3. पति का अपनी पत्नी को ऐसा पत्र लिखना जो उसके पिता के सम्बन्ध में मानहानिकारक निन्दा है

4. जब वादी को सम्बोधित कोई अपमानलेखीय पत्र, कारबार के साधारण अनुक्रम में, उसके लिपिक द्वारा खोला जाता है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 1, 3 और 4

*(c)* केवल 3 और 4

*(d)* केवल 1 और 3

**89.** Decision in which one of the following cases has been described by the Supreme Court to have attained the status of a landmark for bringing out correct tests for application of Section 300(3) of the IPC?

*(a)* Kapur Singh vs. State of Pepsu

*(b)* Virsa Singh vs. State of Punjab

*(c)* K. M. Nanavati vs. State of Maharashtra

*(d)* Rawal Penta Venkalu vs. State of Hyderabad

**90.** Which one of the following facts constitutes a Contingent Contract?

*(a)* *A* contracts to pay *B* Rs 10,000 if *B*'s house is burnt

*(b)* Where a salt lake was offered by way of lease on deposit of a sum of money within a specified period

*(c)* Acceptance of a tender for up to 1000 tons of coal to be supplied as and when any order is placed during the financial year

*(d)* When a bank offers a locker to its customer subject to the condition that the customer makes a fixed deposit of rupees one lac with the bank before the end of the month

**91.** In which one of the following cases was it laid down that presidential proclamation dissolving a State Legislative Assembly is subject to judicial review?

*(a)* Arun vs. Union of India

*(b)* S. R. Bommai vs. Union of India

*(c)* A. K. Roy vs. Union of India

*(d)* State of Rajasthan vs. Union of India

**92.** Universal Declaration of Human Rights, 1948 contains provisions relating to

*(a)* conceptualization of Human Rights

*(b)* operationalization of Human Rights

*(c)* establishment of Human Rights Institutions

*(d)* establishment of Human Rights Committee

**93.** Which of the following statements relating to the tort of conspiracy is/are correct?

1. It consists of an agreement.
2. It consists of forming a combination with the purpose of causing damage.
3. Damage suffered by the plaintiff must be proved.
4. The gist of conspiracy in tort is an agreement alone.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 3 only

*(d)* 2 and 4

**89.** निम्नलिखित में से किस एक वाद के विनिश्चय को उच्चतम न्यायालय द्वारा ऐसा वर्णित किया गया है कि उसने IPC की धारा 300(3) के अनुप्रयोग के लिए सही परीक्षणों को लाने के लिए युगान्तरकारी स्थिति प्राप्त कर ली है?

(a) कपूर सिंह बनाम पेप्सू राज्य

(b) विरसा सिंह बनाम पंजाब राज्य

(c) के० एम० नानावती बनाम महाराष्ट्र राज्य

(d) रावल पेन्टा वेन्कलू बनाम हैदराबाद राज्य

**90.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक तथ्य समाश्रित संविदा निर्मित करता है?

(a) *A*, *B* को, *B* का घर जल जाने की स्थिति में 10,000 रुपये अदा करने की संविदा करता है

(b) जब साल्ट लेक को विनिर्दिष्ट अवधि के अन्दर कोई धनराशि जमाकर पट्टे पर देने का प्रस्ताव किया गया हो

(c) वित्तीय वर्ष के दौरान जब भी कभी कोई आदेश प्रस्तुत किया जाए 1000 टन तक कोयला पूर्ति करने की निविदा की स्वीकृति

(d) जब बैंक अपने ग्राहक को एक लॉकर इस शर्त के अधीन देने का प्रस्ताव करता है कि ग्राहक माह की समाप्ति से पूर्व बैंक के पास एक लाख रुपये का सावधि जमा करे

**91.** निम्नलिखित में से किस एक वाद में यह अधिकथित किया गया कि राष्ट्रपति की राज्य की विधान सभा को भंग करने की उद्घोषणा न्यायिक पुनर्विलोकन के अध्यधीन है?

(a) अरुण बनाम भारत संघ

(b) एस० आर० बोम्मई बनाम भारत संघ

(c) ए० के० रॉय बनाम भारत संघ

(d) राजस्थान राज्य बनाम भारत संघ

**92.** मानव अधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा, 1948 में किससे सम्बन्धित उपबन्ध है?

(a) मानव अधिकारों का संकल्पना-निर्धारण

(b) मानव अधिकारों का संक्रिया-निर्धारण

(c) मानव अधिकार संस्थाओं की स्थापना

(d) मानव अधिकार समिति की स्थापना

**93.** षड्यंत्र के अपकृत्य से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह करार से बनता है।
2. यह नुकसान कारित करने के प्रयोजन से समुच्चय बनाने से बनता है।
3. वादी द्वारा उठाया गया नुकसान सिद्ध होना ही चाहिए।
4. करार का होना ही अपकृत्य में षड्यंत्र का सार है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) केवल 3

(d) 2 और 4

**94.** *X* inflicted as many as 19 injuries on the arms and legs of *Y* with a gandasa, resulting in multiple fractures on arms and legs and also profuse bleedings. The injuries cumulatively caused the death of *Y*. *X* is tried for the offence of murder u/s 302 of the IPC. Determine the criminal liability of *X* from the alternatives given below

*(a)* Since *X* inflicted injuries only on non-vital parts of the body, hence he could not be attributed with intention to kill and therefore, cannot be held guilty of the offence of murder but only of culpable homicide not amounting to murder

*(b)* Even though the accused did not have the intention to cause death but, nonetheless, he had intention to cause the injuries on the body of *Y* and the injuries so caused were thereby cumulatively sufficient to cause death in the ordinary course of nature and so his case falls under Section 300

*(c)* Since injuries were only on non-vital parts of the body, and there was no intention to cause death, the accused is liable only to be punished for the offence of voluntarily causing grievous hurt by dangerous weapon

*(d)* The liability of *X* can at best be causing death by rash act not amounting to culpable homicide

**95.** In which one of the following cases, a contract becomes void on the ground of subsequent impossibility?

*(a)* *A* agreed to supply certain quantity of Basmati rice to *B* in the month of December, 2009. However, due to deficient monsoon rains in 2009, the prices of Basmati rice skyrocketed making it difficult for *A* to supply rice at the agreed price except at heavy losses

*(b)* *A* agreed to supply *B* certain quantity of fabric at specified rate manufactured by *AB* Mills. However, due to indefinite workers' strike in the mill, *A* failed to supply the fabric to *B*

*(c)* *A* contracts to act at a theatre for six months in consideration of a sum paid in advance by *B*. On several occasions *A* is too ill to act

*(d)* *A* agreed to supply ten tons of sugar to *B* at a rate of Rs 20 per kg. However, due to non-availability of adequate stock of sugar in the local market, *A* failed to supply sugar

**94.** $X$ ने $Y$ की भुजाओं और टाँगों पर गँडासे से तकरीबन उन्नीस क्षतियाँ पहुँचाईं जिनके परिणाम-स्वरूप उसकी भुजाओं और टाँगों पर बहुविभंग और अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। क्षतियों के संचयी प्रभाव से $Y$ की मृत्यु हो गई। $X$ का IPC की धारा 302 के अधीन हत्या के अपराध के लिए विचारण किया गया। निम्नलिखित विकल्पों में से $X$ के आपराधिक दायित्व को निर्धारित कीजिए

*(a)* क्योंकि $X$ ने शरीर के मर्म अंगों से भिन्न अंगों पर ही क्षतियाँ कीं अतः उसका हत्या का आशय नहीं माना जा सकता और इसलिए उसे हत्या के अपराध का दोषी नहीं ठहराया जा सकता बल्कि केवल हत्या की कोटि में न आने वाले आपराधिक मानव वध का दोषी ठहराया जा सकता है

*(b)* भले ही अभियुक्त का मृत्यु कारित करने का आशय नहीं था लेकिन फिर भी उसका $Y$ के शरीर पर क्षति कारित करने का आशय था और इस प्रकार कारित क्षतियाँ उनके द्वारा प्रकृति के साधारण अनुक्रम में मृत्यु कारित करने के लिए संचयी रूप से पर्याप्त थीं अतः उसका मामला धारा 300 के अधीन आता है

*(c)* चूँकि क्षतियाँ केवल शरीर के मर्म अंगों से भिन्न अंगों पर थीं और मृत्यु कारित करने का कोई आशय नहीं था अतः अभियुक्त केवल स्वेच्छा से खतरनाक शस्त्र द्वारा घोर उपहति कारित करने के अपराध के लिए दण्डित किए जाने के लिए दायी है

*(d)* $X$ का दायित्व अधिक से अधिक अन्धाधुन्ध कृत्य द्वारा मृत्यु कारित करने का, जो आपराधिक मानव वध की कोटि में नहीं है, हो सकता है

**95.** निम्नलिखित में से किस एक वाद में, पश्चात्वर्ती असम्भवता के आधार पर संविदा शून्य होती है?

*(a)* $A$, दिसम्बर, 2009 माह में $B$ को बासमती चावल की एक निश्चित मात्रा की पूर्ति करने के लिए सहमत होता है। तथापि, 2009 में न्यून मॉनसून वर्षा के कारण, बासमती चावल की कीमत अत्यंत चढ़ गई जिससे $A$ के लिए उस चावल की, सहमति की कीमत पर, बिना भारी नुकसान उठाए, पूर्ति करना कठिन हो गया

*(b)* $A$, $AB$ मिल्स द्वारा निर्मित कपड़े की कुछ निश्चित मात्रा विनिर्दिष्ट दर पर $B$ को पूर्ति करने के लिए सहमत होता है। तथापि, मिल में कामगारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण $A$, $B$ को कपड़े की पूर्ति करने में विफल रहता है

*(c)* $A$, $B$ द्वारा अग्रिम भुगतान की गई राशि के बदले में छः माह के लिए एक थियेटर में अभिनय करने के लिए संविदा करता है। अनेक अवसरों पर $A$ इतना अस्वस्थ रहता है कि अभिनय नहीं कर पाता

*(d)* $A$, $B$ को 20 रु० प्रति कि० ग्रा० की दर से दस टन चीनी की पूर्ति करने के लिए सहमत होता है। तथापि, स्थानीय बाजार में चीनी का पर्याप्त स्टॉक न मिलने के कारण, $A$ चीनी की पूर्ति नहीं कर पाता

**96.** Consider the following statements about the residuary powers of the legislations :

1. The Parliament has exclusive power to make any law with respect to any matter not enumerated in List II or List III.
2. State Legislatures have exclusive power to make any law with respect to any matter enumerated in List II.
3. The Parliament as well as State Legislatures have exclusive power to make any law with respect to any matter not enumerated in List II or List III.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 and 2

*(b)* 1 only

*(c)* 2 only

*(d)* 1 and 3

**97.** The statement "King is dead, long live the king" denotes that the king is

*(a)* a natural person

*(b)* a corporation sole

*(c)* a corporation aggregate

*(d)* not a legal person, but a position only

**98.** What is the effect of a State Party making a declaration under the Optional Clause of the Statute of the International Court of Justice (ICJ) [Article 36(2)]?

*(a)* Individuals can file cases in the ICJ against that State

*(b)* States which have accepted the jurisdiction of the ICJ can file cases against that State on the basis of reciprocity

*(c)* The State would have an option to continue as a party to the Statute of the ICJ

*(d)* The State allows all the other States to file any case in the ICJ against itself

**99.** Which of the following defences in an action for tort of nuisance are ineffectual defences?

1. Public good
2. Statutory authority
3. Nuisance due to acts of others
4. Reasonable care

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 2 and 3

*(b)* 1, 2 and 4

*(c)* 1, 3 and 4

*(d)* 2 and 4 only

**96.** विधानों की अवशिष्ट शक्तियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संसद् के पास, सूची–II या सूची–III में प्रगणित न किए गए किसी विषय के सम्बन्ध में कोई विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।

2. राज्य विधानमण्डलों के पास, सूची–II में प्रगणित किसी विषय के सम्बन्ध में कोई विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।

3. संसद्, साथ ही राज्य विधानमण्डलों के पास, सूची–II या सूची–III में प्रगणित न किए गए किसी विषय के सम्बन्ध में कोई विधि बनाने की अनन्य शक्ति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1 और 2

*(b)* केवल 1

*(c)* केवल 2

*(d)* 1 और 3

**97.** यह कथन कि "राजा मर चुका है, राजा दीर्घजीवी हो" यह द्योतित करता है कि राजा

*(a)* एक प्राकृतिक व्यक्ति है

*(b)* एक निगम मात्र है

*(c)* एक समष्टि निगम है

*(d)* एक विधिक व्यक्ति नहीं, किन्तु केवल एक पद है

**98.** राज्य पक्षकार द्वारा, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के परिनियम के वैकल्पिक खण्ड [अनुच्छेद 36(2)] के अन्तर्गत घोषणा करने का क्या परिणाम है?

*(a)* व्यक्ति उस राज्य के विरुद्ध ICJ में वाद फाइल कर सकता है

*(b)* जिन राज्यों ने ICJ की अधिकारिता स्वीकार कर ली है वे उस राज्य के विरुद्ध पारस्परिकता के आधार पर वाद फाइल कर सकते हैं

*(c)* राज्य के पास ICJ के परिनियम का पक्षकार बने रहने का विकल्प होगा

*(d)* राज्य, सभी अन्य राज्यों को ICJ में अपने विरुद्ध वाद फाइल करने के लिए अनुज्ञात करता है

**99.** न्यूसेंस के अपकृत्य के लिए कार्रवाई में निम्नलिखित में से कौन-सी प्रतिरक्षाएँ अप्रभावी प्रतिरक्षा हैं?

1. लोक कल्याण
2. सांविधिक प्राधिकार
3. दूसरे के कृत्यों के कारण न्यूसेंस
4. युक्तियुक्त देखभाल

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 2 और 3

*(b)* 1, 2 और 4

*(c)* 1, 3 और 4

*(d)* केवल 2 और 4

**100.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I* | | *List–II* |
|---|---|---|
| A. *A* and *B* go to murder *X* under a common understanding. *A* stood as a guard near the gate and *B* stabs *X* | 1. | Mistake of fact in good faith |
| B. A Police Officer received a warrant to arrest *X* believing *Y* to be *X*, he arrests *Y* | 2. | Criminal misappropriation |
| C. *X*, a Hindu, divorced his wife and refused to return her money, clothes and ornaments despite her repeated demands | 3. | Joint liability |
| D. *A* finds a gold ring on a railway platform. He picked it. Instead of returning to the Railway Authorities, he sold it immediately | 4. | Criminal breach of trust |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**101.** Hazardous activities that attract absolute liability are those activities, which are

*(a)* prohibited by law being dangerous to the society

*(b)* permitted by law for the sake of social utility

*(c)* tolerated on condition that they pay regardless of any fault

*(d)* permitted with statutory safety measures

**102.** When any provision of a law made by the Legislature of a State is repugnant to any provision of a law made by the Parliament, which the Parliament is competent to enact, the law made by the

*(a)* State Legislature shall prevail

*(b)* Parliament shall prevail if it is made after the law made by the State Legislature

*(c)* Parliament shall prevail whether passed before or after the law made by the State Legislature

*(d)* Parliament shall prevail if it is made prior to the law made by the State Legislature

**100.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| | सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| A. | $A$ और $B$ सामान्य मति के अधीन $X$ की हत्या करने जाते हैं। $A$ द्वार के पास सुरक्षा के रूप में खड़ा रहा और $B$ ने $X$ का वेधन किया। | 1. | सद्भाव में तथ्य की भूल |
| B. | किसी पुलिस अधिकारी ने $X$ को गिरफ्तार करने का वारन्ट प्राप्त किया। वह $Y$ को $X$ होने का विश्वास कर $Y$ को गिरफ्तार कर लेता है। | 2. | आपराधिक दुर्विनियोग |
| C. | $X$, जो कि हिन्दू है, अपनी पत्नी से विवाह-विच्छेद कर उसे, उसके बार-बार माँगने पर भी उसके रुपए, वस्त्र और आभूषण नहीं लौटाए। | 3. | संयुक्त दायित्व |
| D. | $A$ को रेलवे प्लेटफॉर्म पर एक सोने की अँगूठी मिली। उसने उसे उठा लिया। इसे रेलवे अधिकारियों को वापस करने के बजाय उसने इसे तुरन्त बेच दिया। | 4. | आपराधिक न्यासभंग |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 3 | 1 | 4 | 2 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 2 | 4 | 1 | 3 |

**101.** परिसंकटमय क्रियाकलाप जो आत्यंतिक दायित्व को आकर्षित करता है, वह क्रियाकलाप है, जो

*(a)* समाज के लिए खतरनाक होने से विधि द्वारा प्रतिसिद्ध है

*(b)* सामाजिक उपयोगिता के लिए विधि द्वारा अनुज्ञाप्राप्त है

*(c)* इस शर्त पर सहन किया जाता है कि वह, किसी त्रुटि पर ध्यान दिए बिना, भुगतान करता है

*(d)* कानूनी सुरक्षा उपायों के साथ अनुज्ञाप्राप्त है

**102.** यदि किसी राज्य के विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि का कोई उपबन्ध संसद् द्वारा बनाई गई विधि के, जिसे संसद् अधिनियमित करने के लिए सक्षम है, किसी उपबन्ध के विरुद्ध है, तो

*(a)* राज्य के विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि अभिभावी होगी

*(b)* संसद् द्वारा बनाई गई विधि अभिभावी होगी यदि वह राज्य के विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि के बाद में बनाई गई है

*(c)* संसद् द्वारा बनाई गई विधि अभिभावी होगी चाहे वह राज्य के विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि से पहले या उसके बाद में पारित की गई हो

*(d)* संसद् द्वारा बनाई गई विधि अभिभावी होगी यदि वह राज्य के विधानमण्डल द्वारा बनाई गई विधि से पहले बनाई गई है

**103.** Which one of the following Statutes has *no* Preamble?

(a) The Government of India Act, 1919

(b) The Government of India Act, 1935

(c) The Constitution of Pakistan

(d) The Constitution of Switzerland

**104.** Match List–I with List–II and select the correct answer using the code given below the Lists :

| *List–I (Theory)* | *List–II (Key to the theory)* |
|---|---|
| A. Theory of Enterprise Entity | 1. Some groups are treated as if they are persons |
| B. Fiction Theory | 2. Utilitarian |
| C. Concession Theory | 3. Juristic persons are creation of arbitrary rules of procedure |
| D. Hohfeld's Theory | 4. Identification of law with State |

*Code* :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**105.** Which one of the following human rights instruments does ***not*** contain mechanisms to implement human rights enumerated therein?

(a) International Covenant on Civil and Political Rights, 1966

(b) International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966

(c) Universal Declaration of Human Rights, 1948

(d) UN Convention on the Rights of the Child, 1989

**106.** The pardoning power of the President under Article 72 of the Constitution of India can be exercised

(a) only after the trial and on conviction

(b) either before or after the trial but never during the trial of the case

(c) during or after the trial but never before the trial

(d) at any time before, during or after the trial

**103.** निम्नलिखित में से किस एक कानून की कोई उद्देशिका **नहीं** है?

*(a)* भारत सरकार अधिनियम, 1919

*(b)* भारत सरकार अधिनियम, 1935

*(c)* पाकिस्तान का संविधान

*(d)* स्विट्ज़रलैण्ड का संविधान

**104.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची–I (सिद्धान्त) | सूची–II (सिद्धान्त का मूलभाव) |
|---|---|
| A. उद्यम सत्त्व का सिद्धान्त | 1. कुछ समूहों को ऐसे माना जाता है मानो वे व्यक्ति हों |
| B. गल्प का सिद्धान्त | 2. उपयोगितावादी |
| C. रियायत का सिद्धान्त | 3. विधिक व्यक्ति प्रक्रिया के मनमाने नियमों की रचना है |
| D. हॉफिल्ड का सिद्धान्त | 4. विधि की राज्य के साथ पहचान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| *(a)* | 3 | 4 | 1 | 2 |
| *(b)* | 2 | 4 | 1 | 3 |
| *(c)* | 2 | 1 | 4 | 3 |
| *(d)* | 3 | 1 | 4 | 2 |

**105.** निम्नलिखित में से किस एक मानव अधिकार उपकरण में, उसमें प्रगणित मानव अधिकारों को कार्यान्वित करने की क्रियाविधियाँ अन्तर्विष्ट **नहीं** हैं?

*(a)* सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966

*(b)* आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966

*(c)* मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, 1948

*(d)* शिशु के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय, 1989

**106.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 72 के अधीन राष्ट्रपति की क्षमा करने की शक्ति

*(a)* केवल विचारण के बाद और दोषसिद्धि पर प्रयुक्त की जा सकती है

*(b)* विचारण के या तो पहले या बाद में, किन्तु किसी वाद के विचारण के दौरान कभी नहीं, प्रयुक्त की जा सकती है

*(c)* विचारण के दौरान या बाद में, किन्तु विचारण के पहले कभी नहीं, प्रयुक्त की जा सकती है

*(d)* विचारण के पहले, उसके दौरान और उसके बाद में किसी भी समय, प्रयुक्त की जा सकती है

**107.** Consider the following statements :

1. To bring an action for damages in respect of a public nuisance by a private individual, the injury must be direct and not merely consequential.
2. Private nuisance may be with respect to property or personal physical discomfort.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**108.** *A*, a resident of Chennai, is an agent for *B*, a resident of Delhi. There is an express contract between them that all sums remitted by *B* to *A* will be invested by *A* in accordance with *B*'s direction. *B* remits Rs 5 lacs to *A* with the direction that it be invested in buying shares of *X* company. *A* instead invests the same in buying shares of *Y* company believing in good faith that this will fetch more profit to *B* than investing the money in *X* company as directed by *B*. *B* suffers loss, because the value of shares of *Y* company declines. *A* is liable

*(a)* for criminal misappropriation of property as *B* suffers loss, because *A* has disobeyed *B*'s directions

*(b)* for criminal breach of trust as *B* had entrusted the money to *A* and *A* had invested it in violation of *B*'s directions

*(c)* for theft as wrongful loss has been caused by *A* to *B*

*(d)* to face a civil action by *B* on account of the loss suffered by *B*

**109.** *A*, a trader, leaves goods at *B*'s house by mistake, *B* treats the goods as his own and consumes them. Which one of the following propositions would govern their relationship?

*(a)* *B* is not liable to pay as he had not placed any order for the goods. There was thus no contractual relationship between *A* and *B*

*(b)* *B* is liable to pay for the goods, as there was an implied contract between *A* and *B*

*(c)* *A* cannot take advantage of his own wrong and therefore, cannot recover the price of the goods

*(d)* *B* would be liable to compensate *A* as *A* had not delivered the goods intending to do so gratuitously and *B* had enjoyed the benefit thereof

**107.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा लोक न्यूसेंस के बारे में नुकसानी के लिए अनुयोजन लाने हेतु क्षति प्रत्यक्ष, और मात्र पारिणामिक नहीं, होनी ही चाहिए।
2. प्राइवेट न्यूसेंस सम्पत्ति या व्यक्तिक शारीरिक कष्ट के सम्बन्ध में हो सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**108.** चेन्नई का निवासी *A*, दिल्ली के निवासी *B* के लिए अभिकर्ता है। उनके बीच यह अभिव्यक्त संविदा है कि *B* द्वारा *A* को भेजी गई सारी रकम *B* के निर्देशानुसार *A* द्वारा निविष्ट की जाएगी। *B* पाँच लाख रुपये *A* को इस निर्देश के साथ भेजता है कि इसका *X* कम्पनी के शेयरों को खरीदने में निवेश किया जाए। *A* इसकी बजाय *Y* कम्पनी के शेयरों को खरीदने में इस रकम का निवेश सद्भाव में यह विश्वास करते हुए कर देता है कि *B* द्वारा यथानिर्देशित *X* कम्पनी में धन का निवेश करने की अपेक्षा इससे *B* को अधिक फायदा होगा। *B* को नुकसान हो जाता है क्योंकि *Y* कम्पनी के शेयरों का मूल्य कम हो जाता है। *A* किसके लिए दायी है?

*(a)* सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोग के लिए, क्योंकि *A* के द्वारा *B* का निर्देश न मानने के कारण *B* को नुकसान उठाना पड़ा

*(b)* आपराधिक न्यासभंग के लिए, क्योंकि *B* ने रकम *A* को सौंपी थी और *A* ने इसका *B* के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए निवेश किया

*(c)* चोरी के लिए, क्योंकि *A* द्वारा *B* की सदोष हानि कारित की गई है

*(d)* *B* द्वारा उठाए गए नुकसान के कारण, *B* द्वारा की गई सिविल कार्रवाई का सामना करने के लिए

**109.** एक व्यापारी *A* ने गलती से *B* के घर पर कुछ सामान छोड़ दिया। *B* ने सामान को अपना मानकर उपभोग कर लिया। निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रतिपादना उनके सम्बन्ध को विनियमित करेगी?

*(a)* *B* भुगतान करने के लिए दायी नहीं है क्योंकि उसने सामानों के लिए कोई आदेश नहीं दिया था। इसलिए *A* और *B* के बीच कोई संविदात्मक सम्बन्ध नहीं है

*(b)* *B* सामानों के लिए भुगतान करने के लिए दायी है क्योंकि *A* और *B* के बीच विवक्षित संविदा थी

*(c)* *A* अपनी खुद की गलती का लाभ नहीं उठा सकता और इसलिए सामानों की कीमत नहीं वसूल सकता

*(d)* *B*, *A* को प्रतिकर करने के लिए दायी है क्योंकि *A* ने सामानों को उन्हें निःशुल्क देने के आशय से परिदत्त नहीं किया था और *B* ने उनका लाभ उठाया था

**110.** Consider the following statements with regard to protection in respect of conviction for offences :

1. In the case of Sampath Kumar vs. Enforcement Directorate, Madras, it was held that it is unconstitutional to give a caution to speak the truth.
2. No person shall be prosecuted and punished for the same offence more than once.
3. No person accused of any offence shall be compelled to be a witness against himself.
4. Criminal law in India can be enacted retrospectively.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 4

*(b)* 2, 3 and 4

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 3 only

**111.** Which of the following statements is/are correct with reference to the concept of ownership?

1. When the subject matter of the ownership is a physical object, it is incorporeal ownership.
2. Corporeal ownership refers to owning of rights as opposed to physical objects.
3. When the owner's title is perfect, it is called vested ownership.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 and 2 only

*(d)* 3 only

**112.** Which one of the following human rights instruments empowers individuals aggrieved of violation of rights to file petition in the Human Rights Committee?

*(a)* International Covenant on Civil and Political Rights, 1966

*(b)* International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights, 1966

*(c)* Optional Protocol I of the International Covenant on Civil and Political Rights, 1966

*(d)* Universal Declaration of Human Rights, 1948

**113.** The assertion "What ***cannot*** be done directly ***cannot*** be done indirectly" refers to the doctrine of

*(a)* Colourable Legislation

*(b)* Pith and Substance

*(c)* Severability

*(d)* Waiver

**110.** अपराधों के लिए दोषसिद्धि के सम्बन्ध में परित्राण के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सम्पत कुमार बनाम प्रवर्तन निदेशालय, मद्रास के वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया था कि सत्य बोलने के लिए चेतावनी देना असांविधानिक है।

2. कोई भी व्यक्ति एक ही अपराध के लिए एक बार से अधिक अभियोजित और दण्डित नहीं किया जाएगा।

3. किसी अपराध में अभियुक्त किसी भी व्यक्ति को अपने ही विरुद्ध साक्षी होने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

4. भारत में आपराधिक विधि को भूतलक्षी अधिनियमित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 4

*(b)* 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 3

**111.** स्वामित्व की संकल्पना के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यदि स्वामित्व की विषयवस्तु भौतिक वस्तु है, तो यह अमूर्त स्वामित्व है।

2. मूर्त स्वामित्व, भौतिक वस्तुओं के यथा विरुद्ध, अधिकारों का स्वामित्व रखने को निर्दिष्ट करता है।

3. यदि स्वामी का हक पूर्ण है, तो इसे निहित स्वामित्व कहा जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1 और 2

*(d)* केवल 3

**112.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक मानव अधिकार उपकरण, अधिकारों के अतिक्रमण से व्यथित व्यक्तियों को मानव अधिकार समिति में याचिका दाखिल करने की शक्ति देता है?

*(a)* सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966

*(b)* आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966

*(c)* सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा, 1966 का वैकल्पिक नयाचार I

*(d)* मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा, 1948

**113.** यह अभिकथन, "जो प्रत्यक्षतः **नहीं** किया जा सकता उसे अप्रत्यक्षतः भी **नहीं** किया जा सकता", किस सिद्धान्त को निर्दिष्ट करता है?

*(a)* आभासी विधान

*(b)* सार और तात्पर्य

*(c)* पृथक्करणीयता

*(d)* अधित्यजन

**114.** Which one of the following is ***not*** an essential element in a suit for damages for malicious prosecution?

*(a)* The plaintiff was prosecuted by the defendant

*(b)* The proceedings terminated in favour of the defendant

*(c)* The defendant acted maliciously and not with a mere intention of carrying the law into effect

*(d)* The plaintiff suffered damage as a result of the prosecution

**115.** As a general principle of Law of Contract, which one of the following is ***not*** an essential of a valid contract?

*(a)* Writing

*(b)* Competency to contract

*(c)* Lawful consideration and lawful object

*(d)* Free consent

**116.** To constitute false imprisonment

1. the detention must be unlawful
2. the period for which detention continues is material
3. the period for which detention continues is immaterial
4. the knowledge of the plaintiff about his detention is material

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 4

*(c)* 1 and 3

*(d)* 3 only

**117.** Law of preventive detention can provide for detention of any person

*(a)* at any time during peace or war irrespective of the fact whether proclamation of emergency has or has not been made

*(b)* only when a proclamation of internal emergency is made

*(c)* only when a proclamation of national emergency is made

*(d)* only when India is at war with any country

**114.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक द्वेषपूर्ण अभियोजन की नुकसानी के वाद में आवश्यक तत्त्व **नहीं** है?

*(a)* वादी का प्रतिवादी द्वारा अभियोजन किया गया

*(b)* कार्यवाही प्रतिवादी के पक्ष में पर्यवसित हुई

*(c)* प्रतिवादी ने द्वेषपूर्वक कार्य किया और विधि को प्रभाव में लाने के आशय मात्र से कार्य नहीं किया

*(d)* अभियोजन के परिणामस्वरूप वादी को हानि उठानी पड़ी

**115.** संविदा विधि के सामान्य सिद्धान्त के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सा एक विधिमान्य संविदा के लिए आवश्यक **नहीं** है?

*(a)* लेखन

*(b)* संविदा के लिए सक्षमता

*(c)* विधिपूर्ण प्रतिफल और विधिपूर्ण उद्देश्य

*(d)* स्वतंत्र सम्मति

**116.** अवैध परिरोध को गठित करने के लिए

1. निरोध को विधिविरुद्ध होना ही चाहिए
2. जितनी अवधि के लिए निरोध जारी रहता है वह सारवान् है
3. जितनी अवधि के लिए निरोध जारी रहता है वह सारवान् नहीं है
4. वादी का उसके निरोध के बारे में ज्ञान सारवान् है

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* 1 और 2

*(b)* 2 और 4

*(c)* 1 और 3

*(d)* केवल 3

**117.** निवारक निरोध की विधि किसी व्यक्ति के निरोध का

*(a)* शान्ति या युद्ध काल में किसी भी समय, इस तथ्य के निरपेक्ष कि आपात की उद्घोषणा की गई है या नहीं की गई है, उपबन्ध कर सकती है

*(b)* केवल तभी उपबन्ध कर सकती है जब आन्तरिक आपात की उद्घोषणा की गई है

*(c)* केवल तभी उपबन्ध कर सकती है जब राष्ट्रीय आपात की उद्घोषणा की गई है

*(d)* केवल तभी उपबन्ध कर सकती है जब भारत किसी देश के साथ युद्ध की स्थिति में है

**118.** Which of the following statements as per the Constitution of India is/are correct?

1. The State shall endeavour to provide early childhood care and education for all children until they complete the age of 6 years.
2. It is a fundamental duty of every citizen who is the parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of 6 to 14 years.
3. State shall provide free and compulsory education to all children up to the age of 14 years.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 1 only

*(d)* 1, 2 and 3

**119.** Which of the following statements with respect to Right to Know is/are correct?

1. Right to Know in India can be traced to Article 19 of the Constitution of India.
2. In Dinesh Trivedi vs. Union of India case, it was held that the citizens have absolute right to know about affairs of the government.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**120.** Which of the following statements is/are correct in connection with malicious prosecution?

1. Malice is to be inferred from the acquittal of the plaintiff.
2. Malice is not to be inferred from the acquittal of the plaintiff.
3. The plaintiff must prove independently of the acquittal that his prosecution was without reasonable and probable cause.
4. The plaintiff is not required to prove that his prosecution was without reasonable and probable cause.

Select the correct answer using the code given below :

*Code* :

*(a)* 3 only

*(b)* 2 and 3

*(c)* 2 and 4

*(d)* 1 and 4

**118.** भारत के संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. राज्य प्रारम्भिक बाल्यावस्था में सभी बच्चों को, उनके 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, उनकी देख-रेख एवं शिक्षा प्राप्त कराने का प्रयास करे।
2. यह उस प्रत्येक नागरिक का, जो माता-पिता या अभिभावक है, मूल कर्तव्य है कि वह अपने बच्चे या प्रतिपाल्य, जैसा भी हो, को 6 से 14 वर्ष की आयु तक शिक्षा पाने के अवसर प्राप्त कराए।
3. राज्य सभी बच्चों को 14 वर्ष तक की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त कराए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1 और 2

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 1

*(d)* 1, 2 और 3

**119.** जानने के अधिकार के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भारत में जानने के अधिकार को भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 से अनुरेखित किया जा सकता है।
2. दिनेश त्रिवेदी बनाम भारत संघ के वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया कि नागरिकों को सरकारी मामलों के बारे में जानने का अधिकार है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**120.** विद्वेषपूर्ण अभियोजन के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. वादी के दोषमुक्त हो जाने से विद्वेष का अनुमान लगाया जाता है।
2. वादी के दोषमुक्त हो जाने से विद्वेष का अनुमान नहीं लगाया जाता।
3. वादी को दोषमुक्त होने से स्वतंत्र रूप से यह सिद्ध करना होगा कि उसका अभियोजन बिना किसी युक्तियुक्त या अधिसम्भाव्य कारण से हुआ था।
4. वादी को यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि उसका अभियोजन बिना किसी युक्तियुक्त या अधिसम्भाव्य कारण से हुआ था।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

*(a)* केवल 3

*(b)* 2 और 3

*(c)* 2 और 4

*(d)* 1 और 4

## SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

टी.बी.सी. : N-DTQ-K-NCY

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

क्रम संख्या 32481

# परीक्षण पुस्तिका

## विधि

समय : दो घण्टे

पूर्णांक : 300

## अ नु दे श

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।
2. उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम **A, B, C** या **D** यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीज़िए।
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक** ही प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दण्ड नहीं दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें

*Note* : English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.